आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 16 मार्च 2025 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-02 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-343 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 17 मार्च 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

रुद्री बैराज में मिला युवक का शव

धमतरी,16 मार्च। धमतरी जिले के रुद्री बैराज में होली के दिन एक युवक की लाश तैरती हुई मिली, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। यह वही स्थान है, जहां से महानदी में पानी छोड़ा जाता है। सुबह स्थानीय लोगों ने बैराज में लाश को देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला। गोताखोरों ने पहले शव को एक रस्सी (डोर) से बांधा और करीब 25 फीट ऊपर पुल तक खींचकर निकाला। जब शव को बाहर लाया गया तो मृतक पूरी तरह फॉर्मल ड्रेस और जूते पहने हुए नजर आया।

पराली जलाने से 10 एकड़ खेत में भीषण आग

बलौदाबाजार,16 मार्च। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले

के पलारी ब्लॉक के ग्राम घोटिया में पराली जलाने से बड़ी दुर्घटना होते-होते बची। रायपुर-बलौदा बाजार मार्ग के किनारे स्थित खेतों में कुछ अज्ञात लोगों ने धान की कटाई के बाद बची पराली में आग लगा दी। आग तेजी से फैलते हुए करीब 10 एकड़ खेत में फैल गई। इस दौरान पति राम वर्मा, टूमेन्द्र वर्मा और गोविंद वर्मा के सरस्वों के खेतों तक आग पहुंच गई। आग की सूचना मिलते ही नगर सेना की दमकल टीम तुरंत एक्शन में आई।

हसदेव ताप विद्युत संयंत्र में लगी भीषण आग

कोरबा,16 मार्च। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित हसदेव ताप विद्युत् संयंत्र के ढ्ढक्रस् ट्रांसफार्मर में आज सुबह-सुबह भीषण आग लग गई. आग इतनी भयावह थी कि कई फीट ऊपर तक आग की लपटें दिखाई दे रही थी. सूचना मिलने पर दमकल की 5 टीमें पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल सका है. इस मामले में जांच की जा रही है. बता दें, आगजनी की यह घटना दर्री स्थित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के हसदेव ताप विद्युत संयंत्र के स्विच यार्ड में हुई है. आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते आग ने स्विचयार्ड के प्लांट के ICT (इंटर कनेक्टिंग) ट्रांसफार्मर समेत 2 अन्य ट्रांसफार्मर को चपेट में ले लिया. जानकार सूत्र ने बताया कि प्लांट में बनने वाली बिजली को यह ICT ट्रांसफार्मर ग्रिड में भेजने के लिए उपयुक्त करेंट में बदलता है. ऐसे में प्लांट की 210 मेगावाट वाली यूनिट 3,4 से उत्पादन बंद करना पड़ा.

मंगेतर फरार, युवती पहुंची आजाद चौक थाने

रायपुर,16 मार्च। एसईसीएल में नौकरी लगाने के नाम पर युवती से 5.38 लाख रूपए वसूलने वे बाद से कथित मंगेतर का अता पता नहीं है । युवती की रिपोर्ट पर आजाद चौक पुलिस तलाश कर रही है। राम कुंड निवासी हेमलता साहू पिता जीवन लाल साहू 36 की रिपोर्ट के मुताबिक उसे 10 सितम्बर 2024 को आनलाइन साइट के माध्यम से मिले प्रस्ताव पर मुकेश कुमार साहू पिता रति राम साहू के साथ विवाह की बात चल ही रहा थी। इस दौरान मुकेश ने स्वयं को एसईसीएल मे कार्यरत बताते हुए तुम्हारी भी नौकरी लगवा दूंगा

भारत का नंबर वन दुश्मन भी खल्लास?

इस्लामाबाद,16 मार्च। क्या भारत का नंबर वन दुश्मन खल्लास हो गया है? जी हां, आतंकी हाफिज सईद को लेकर बड़ा दावा किया जा रहा है. लश्कर-ए-तैयबा चीफ हाफिज सईद के मारे जाने का दावा है. पाकिस्तान में गुपचुप चर्चा है कि आतंकी हाफिज सईद का भी गेमओवर हो गया है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और पाकिस्तानी हैंडल पर हाफिज सईद पर हमले का दावा किया जा रहा है. एक्स पर तो हाफिज सईद ट्रेंड कर रहा है. कई अकाउंट से दावा किया गया कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में झेलम इलाके में जमात-उद-दावा मुखिया और मुंबई हमले का मास्टरमाइंड हाफिज सईद मारा गया है. हालांकि, इसकी कोई पुष्टि नहीं हो पाई है. एक्स पर लगातार हाफिज सईद ट्रेंड में बना हुआ है. उसकी हत्या के पोस्ट से सोशल मीडिया बजबजा उठा है. अलग-अलग पोस्ट में दावे किए जा रहे हैं कि पंजाब के झेलम में जब हाफिज सईद जा रहा था, तब अज्ञात बंदूकधारियों ने उस पर हमला किया. इस हमले में उसके करीबी आतंकी अबु कताल सिंधि स्पॉट पर ही मारा गया. इसमें ड्राइवर की भी मौत हो गई. जबकि कई पाकिस्तानी ट्विटर हैंडल का दावा है कि इसी गाड़ी में हाफिज सईद भी था. वह बुरी तरह घायल हो गया और उसे रावलपिंडी ले जाया गया, जहां उसकी मौत की खबर है. हालांकि, इसे लेकर कोई कन्फर्मेशन नहीं है.एक्स पर एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें एक शख्स दावा कर रहा है कि हाफिज सईद मारा गया है. झेलम इलाके में अज्ञात बंदूकधारियों ने उस पर हमला किया था. इसमें वह बुरी तरह घायल हुआ. रावलपिंडि अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया. एक अन्य सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया जा रहा है कि फैजल नदीम ऊर्फ अबु कताल सिंधी की हत्या कन्फर्म है, मगर उसके साथ एक और की जान गई है, जिसकी जानकारी सीक्रेट रखी गई है. पाकिस्तान में कई पोस्ट खूब वायरल हो रहे हैं, जिसमें हाफिज सईद के मारे जाने का दावा किया जा रहा है. हालांकि, अब तक इसे वेरीफाई नहीं किया जा सका है. माना जा रहा है कि पाकिस्तान सरकार इस सूचना को काफी सीक्रेट रख रही है. हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब हाफिज सईद के मारे जाने का दावा किया गया हो. इससे पहले भी उसके मरने की अफवाहें उड़ चुकी हैं. अब देखने वाली बात है कि सोशल मीडिया और पाक में जो गुपचुप चर्चा चल रही है, उसमें कितना दम है. वहीं, इमरान खान की पार्टी पीटीआई के एक नेता ने भी एक्स पर हाफिज सईद को लेकर बड़ा दावा किया है. पीटीआई नेता समद याकूब ने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया है. उसमें उन्होंने लिखा, 'मेरी जानकारी के अनुसार, हमले में हाफिज सईद और उसका भतीजा मारा गया है. हाफिज सईद के बेटे तल्हा सईद के अनुसार, हाफिज सईद ठीक है, लेकिन उसकी आवाज और लहजे से ऐसा नहीं लगता कि वह ठीक है.'

रविवार सुबह स्पेस स्टेशन पहुंचा स्पेसएक्स कैप्सूल

वाशिंगटन,16 मार्च। स्पेसएक्स रॉकेट नासा के क्रू-स्वैप मिशन के सभी चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पहुंच गया है। स्टेशन के सात सदस्यीय चालक दल ने चारों अंतरिक्ष यात्रियों का स्वागत किया, जिसमें विल्मोर और विलियम्स भी शामिल हैं। इसके बाद सब लोगों ने तस्वीरों के लिए पोज दिए। इसके साथ ही सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर के घर लौटने का रास्ता भी साफ हो गया है। स्पेसएक्स रॉकेट नासा के क्रू-स्वैप मिशन के सभी चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पहुंच गया है। इसके साथ ही सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर के घर लौटने का रास्ता भी साफ हो गया है। बता दें, विलियम्स और विल्मोर पिछले नौ महीनों से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे हुए हैं। उन्हें वहां से निकालने के लिए नासा और स्पेसएक्स ने मिलकर क्रू-10 मिशन लॉन्च किया था। शुक्रवार को शाम 7.03 बजे ईटी पर फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च होने के करीब 29 घंटे बाद, क्रू-10 अंतरिक्ष यात्रियों का स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन कैप्सूल रविवार को सुबह 12.04 बजे ईटी (सुबह 9.40 बजे IST) पर आईएसएस में शामिल हो गया।

ISS पहुंचे नए मेहमान तो दौड़ी खुशी की लहर सुनीता विलियम्स ने यूं किया जोरदार स्वागत

सुनीता विलियम्स ने चालक दल को गले लगाया-स्टेशन के सात सदस्यीय चालक दल ने चारों अंतरिक्ष यात्रियों का स्वागत किया, जिसमें विल्मोर और विलियम्स भी शामिल हैं। इसके बाद सब लोगों ने तस्वीरों के लिए पोज दिए। बता दें, नासा ने इसका लाइव टेलीकास्ट किया था।

बुधवार को घर वापसी-विलमोर और विलियम्स बुधवार को सुबह 4 बजे ET (1 PM IST) पर ISS से रवाना होने वाले हैं, उनके साथ NASA के अंतरिक्ष यात्री निक हेग और रूसी अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोरबुनोव भी होंगे। हेग और गोरबुनोव सितंबर में क्रू ड्रैगन क्राफ्ट पर ISS के लिए उड़ान भरी थी, जिसमें विल्मोर और विलियम्स के लिए दो खाली सीटें थीं, और तब से वह क्राफ्ट स्टेशन से जुड़ा हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक स्पेस स्टेशन से सुनीता और उनके साथियों की विदाई से पहले मौसम की स्थिति का जायजा लिया जाएगा और उसके बाद संभावित रूप से बुधवार को इनका कैप्सूल अंतरिक्ष स्टेशन से अलग हो जाएगा और फ्लोरिडा के तट पर उतरेगा।

बगिया में बच्चों संग मुख्यमंत्री साय ने मनाई रंगों की होली

जशपुर, 16 मार्च। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज गांव के बच्चों के साथ होली का उत्सव हर्षोल्लास से मनाया और उनके संग रंगों की खुशियां साझा कीं। बगिया के मंझापारा गांव में होली के रंगों से सराबोर बच्चों का मुख्यमंत्री के प्रति उत्साह और अपनापन देखते ही

बनता था, जब वे अपने गांव के पुरोधा और प्रदेश के मुखिया से मिलने उनके निवास पहुंचे, तो दृश्य किसी पारिवारिक उत्सव जैसा प्रतीत होता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने निज निवास पर बच्चों की टोली का आत्मीय स्वागत किया और खुद भी उनके संग होली के रंगों में रंग गए। उनकी सहजता और सादगी ने बच्चों को बेझिझक उनसे मिलने और घुल-मिलकर बातचीत करने का अवसर दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने न केवल बच्चों से उनका हालचाल जाना, बल्कि उन्हें मिठाई खिलाई और उनके साथ ठहाके लगाते हुए हंसी-ठिठोली भी की। बच्चों ने बताया कि वे पूरे गांव में होली खेलते हुए मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे हैं, और जब वे वहां पहुंचे, तो मुख्यमंत्री ने भी उनके संग पूरी आत्मीयता से रंग-गुलाल खेला। यह मिलन एक अनोखे उल्लास का प्रतीक बन गया, जिसमें प्रेम, स्नेह और भाईचारे के रंग घुल गए।

कर्नाटक में शासकीय ठेकों में धर्म आधारित आरक्षण पर साय ने जताई कड़ी आपत्ति

रायपुर,16 मार्च। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा शासकीय ठेकों में धर्म के आधार पर आरक्षण देने के फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इसे भारतीय संविधान की मूल भावना के विरुद्ध और तुष्टीकरण की पराकाष्ठा करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जहां भी सत्ता में आती है, संविधान की मूल आत्मा का गला घोंटने का प्रयास करती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस फैसले को समाज में वैमनस्य फैलाने वाला कांग्रेस का सोचा-समझा षड्यंत्र बताया और कहा कि अदालतें पहले भी धर्म आधारित आरक्षण को असंवैधानिक करार दे चुकी हैं, इसलिए यह फैसला भी न्यायिक समीक्षा में नहीं टिक पाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस यह जानते हुए भी सिर्फ वोटबैंक की राजनीति के लिए वंचित वर्गों के अधिकारों के साथ खिलवाड़ कर रही है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से कहा है कि वे इस असंवैधानिक फैसले को तुरंत वापस लेने के लिए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को निर्देश दें। उन्होंने कहा कि यह आदिवासियों, दलितों और वंचित समाज के साथ अन्याय है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे पर निशाना साधते हुए कहा कि खरगे जी खुद वंचित समाज से आते हैं, फिर भी सोनिया गांधी और राहुल गांधी के बहकावे में आकर अपने ही समाज के खिलाफ साजिश का हिस्सा बन रहे हैं। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा, चेत जाइए खरगे जी, इतिहास आपको माफ नहीं करेगा। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक सरकार के इस फैसले के खिलाफ पहले ही कई संगठन और विपक्षी दल विरोध जता चुके हैं। अब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की कड़ी आपत्ति के बाद यह मुद्दा और गरमा गया है।

पाक पर फिर टूटा बलूच विद्रोहियों का कहर

सुसाइड अटैक में मारे गए आर्मी के 7 जवान, बीएलए ने गिनाया 90 का आंकड़ा

क्वेटा,16 मार्च। पाकिस्तान के क्वेटा से ताफ्तान जा रहे सेना के काफिले पर रविवार को आतंकी हमला हुआ है. इस हमले में सात सैनिकों की मौत हुई है जबकि 21 घायल हुए हैं. लेकिन बलूच लिबरेशन आर्मी ने 90 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत का दावा किया है. बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तानी सेना के काफिले पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली. यह हमला क्वेटा से 150 किलोमीटर दूर नोशकी में हमला हुआ. इस हमले के बाद सेना ने इलाके में हेलिकॉप्टर और ड्रोन तैनात कर दिए हैं. सेना का काफिला शनिवार को ताफ्तान जा रहा था. इस काफिले में सेना की सात बसें और दो अन्य वाहन थे, जिन पर हमला किया गया. रिपोर्ट के मुताबिक, आईईडी से लदे हुए वाहन की सेना के काफिले की एक बस से टक्कर हो गई. यह आत्मघाती हमला था. नोशकी स्टेशन के एसएचओ जफ्फुरुल्लाह सुलेमानी ने बताया कि शुरुआती रिपोर्टों से पता चला है कि ये आत्मघाती हमला

था. घटनास्थल से मिले सबूतों से पता चला है कि आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटक से भरे वाहन की टक्कर जानबूझकर सेना के काफिले की गाड़ी से कर दी. उन्होंने बताया कि मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है. घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुग्ती ने हमले की निंदा करते हुए मारे गए सैनिकों की मौत पर शोक जताया है. बीएलए ने बयान जारी कर कहा कि इस हमले की जिम्मेदरी ली. बलूच लिबरेशन आर्मी की फिदायीन यूनिट द मजीद ब्रिगेड ने नोशकी में आरसीडी हाईवे पर पाकिस्तानी सेना पर आत्मघाती हमला किया. इस काफिले में सेना की आठ बसें थी. इनमें से एक बस विस्फोट में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई. इस हमले के तुरंत बाद बीएलए की फतेह स्क्वैड ने सेना की दूसरी बस को पूरी तरह से घेर लिया और उसमें सवार सेना के सभी सैनिकों को मार गिराया. इस तरह मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 90 हुई है.

अरुणपति त्रिपाठी को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी

नई दिल्ली,16 मार्च। छत्तीसगढ़ में दो हजार करोड़ से अधिक शराब घोटाले में संलिप्तता के आरोप में जेल में बंद आबकारी विभाग के पूर्व विशेष सचिव अरुणपति त्रिपाठी को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। ईडी द्वार पेश दलीलों के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शराब घोटाले के संबंध में चल रही जांच प्रभावित ना हो इसलिए याचिकाकर्ता त्रिपाठी को 10 अप्रैल, 2025 को रिहा किया जाए। सुप्रीम कोर्ट की डिवीजन बेंच ने दो कड़ी शर्तें भी लगाई है। पासपोर्ट जमा करना होगा। इसके अलावा आरोप पत्र दाखिल होने तक प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे जांच अधिकारी को रिपोर्ट करना होगा।

बघेल के बयान पर साव का पलटवार

रायपुर,16 मार्च। छत्तीसगढ़ में ओबीसी आरक्षण को लेकर सियासत तेज हो गई है. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने डिप्टी सीएम अरुण साव पर निशाना साधते हुए कहा कि वे ओबीसी आरक्षण को लेकर भ्रम फैला रहे हैं. जिसपर डिप्टी सीएम अरुण साव ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि राज्य में अनारक्षित 13 जिला पंचायतों में से 12 के चुनाव संपन्न हुए हैं. इन 12 जिला पंचायतों में 9 ओबीसी अध्यक्ष बने हैं. इसके साथ ही 12 जिला पंचायतों में 8 उपाध्यक्ष भी ओबीसी वर्ग से हैं. डिप्टी सीएम साव ने कहा कि सरकार की प्रतिबद्धता रही की ओबीसी को सम्मान मिले. साय सरकार ने जो कहा वह कर के दिखाया है.

कर्नाटक में धर्म आधारित आरक्षण पर डिप्टी सीएम का बयान-कर्नाटक में धर्म आधारित आरक्षण पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संविधान की कॉपी लेकर पूरे देश में घूम रहे थे, लेकिन संविधान में धर्म के आधार पर भेदभाव स्पष्ट रूप से मना है. देश को तोड़ने का प्रयास हो रहा है, सरकार के इस फैसले की जितनी निंदा की जाए कम है. मुस्लिम तुष्टिकरण और देश को विभाजित करना कांग्रेस का इतिहास रहा है. भ्रम, भय और भ्रष्टाचार ही कांग्रेस पार्टी का आधार है.

दीपक बैज के बयान पर हमला-बस्तर पंडुम पर दीपक बैज के बयान पर पलटवार करते हुए डिप्टी सीएम साव ने कहा कि दीपक बैज के पास बोलने के लिए कुछ बचा नहीं है, अब उनकी चला-चली की बेला है. बस्तर की संस्कृति आगे बढ़े, इसमें उन्हें आपत्ति है क्या ? बस्तर की खानपान और संस्कृति को देश-दुनिया के सामने लाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है.

तेज रफ्तार ट्रक ने मालगाड़ी को मारी टक्कर, डिब्बा पटरी से उतरा

कोरबा,16 मार्च। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित दीपका एसईसीएल साइडिंग पर आज एक बड़ा हादसा हो गया. 3 नंबर रेलवे क्रॉसिंग पर जा रही मालगाड़ी को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी. इस टक्कर के बाद मालगाड़ी के गार्ड ब्रेक का डिब्बा पटरी से उतर गया. घटना में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. वहीं हादसे के बाद से रेलवे ट्रैक भी जाम हो गया, जिससे कोयला परिवहन प्रभावित हो रहा है. घटना की सूचना मिलते ही कोरबा रेलवे प्रबंधन और कोरबा आरपीएफ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए हैं. इसके अलावा रेलवे की आरडी टीम भी मौके पर पहुंची और मालगाड़ी को पटरी पर लाने के लिए मरम्मत में लगे हुए हैं. बता दें, SECL का

रेलवे ट्रैक ओपन था और किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ. ओपन फाटक होने के चलते भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना का खतरा बना हुआ है. इस घटना ने एसईसीएल दीपका प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

तीन दोस्तों की सड़क हादसे में मौत, गांव में पसरा मातम

बालोद,16 मार्च। अर्जुंदा थाना क्षेत्र में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें तीन दोस्तों की मौत हो गई है. हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को तत्काल अर्जुंदा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, तीनों युवक तेलीटोला गांव की ओर से फग प्रतियोगिता देखकर मोटरसाइकिल (सीजी 07 एजे 8736) से अपने गांव मनकी लौट रहे थे. गांव के पास पहुंचने से पहले उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक (सीजी 07 बीए 4777) से टकरा गई. घटना की सूचना मिलते ही अर्जुंदा पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को मर्चुरी भेज दिया गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. मृतकों का आज पोस्टमार्टम किया जाएगा.मृतकों की पहचान अनिल कुमार साहू (18 वर्ष), पिता खिलेश कुमार साहू, पीयूष साहू (17 वर्ष), पिता दिलीप साहू और विकास ठाकुर (22 वर्ष), पिता सुखित राम ठाकुर है, तीनों युवक ग्राम मनकी के रहने वाले थे. हादसे के बाद पूरे गांव में मातम छा गया है.

बचपन के दोस्त थे, तीनों की सड़क हादसे में मौत

कोरबा,16 मार्च। जिले में एक सड़क हादसे में तीन दोस्तों की जान चली गई। जटगा चौकी के खोडरी के पास तेज रफ्तार कार और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, तीनों बचपन के दोस्त थे। होली के अगले दिन सुबह वे किसी काम से बरबसपुर से जटगा की तरफ जा रहे थे। तभी यह घटना हुई। कार चालक भी इस हादसे में घायल हुआ है।

एक नजर

नागरिकों को घर बैठे मिल रहा मोर संगवारी योजना का लाभ

भिलाई, 16 मार्च। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत शासन की जनकल्याणकारी योजना मोर संगवारी संचालित हो रही है। जिसके तहत नागरिकों को घर बैठे.बैठे इस योजना का लाभ मिल सके। इस हेतु अलग.अलग क्षेत्रों के लिए एजेंट की नियुक्ति किए गए हैं। जो मोर संगवारी योजना टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल कर एजेन्ट को अपने घर बुला सकते हैं। नागरिक अपनी आवश्यकता के अनुसार पूर्ण दस्तावेज एजेन्ट को देकर प्रमाण पत्र या किसी प्रकार का सुधार इत्यादि करा सकते है। नागरिको को पहले कोई भी प्रमाण पत्र बनाने के लिए इधर.उधर आफिस का चक्कर लगाना प?ता था। यह कार्य कराने के लिए समय और पैसा भी खर्च करना प?ता था। मोर संगवारी योजना के माध्यम से अब हर व्यक्ति घर बैठे अपनी जरूरत के दस्तावेज बनाकर प्राप्त कर सकते हैं। मोर संगवारी योजना के तहत मूल निवासी प्रमाण पत्रए अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्रए अन्य पिछ?ा वर्ग प्रमाण पत्रए आय प्रमाण पत्रए दस्तावेज के नकल के लिए अनुरोध गैर.डिजिटलए मृत्यु प्रमाण पत्रए विवाह पंजीकरण और प्रमाण पत्रए नया राशन कार्ड एपीएलध्बीपीएलए राशन कार्ड सरेंडरध्न्सफरए राशन कार्ड भर जाने परए राशन कार्ड में सुधार के लिएए राशन कार्ड में सदस्य जो ने हटाने के लिए राशन कार्ड खो जानेध्गुम जाने परए जन्म प्रमाण पत्रए दुकान और स्थापना पंजीयनए भूमि सूचनाए जन्म प्रमाण पत्र सुधारए मृत्यु प्रमाण पत्र सुधारए आधार मोबाइल नंबर अपडेटए बाल आधार नामांकन ;0.5 वर्षद्धए पैन कार्डए पैन कार्ड सुधारए पैन कार्ड डुप्लीकेटए असंगठित श्रमिक पंजीयनए असंगठित श्रमिक पंजीयन सुधार आदि सभी बना सकते हैं।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम भिलाई क्षेत्र के नागरिकों से निवेदन किया है कि शासन की मोर संगवारी योजना बहुत ही अच्छी है। इसके माध्यम से सभी व्यक्ति अपने घर पर बैठे.बैठे टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल कर एजेंट को घर बुलाकर कोई भी प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं। इस कार्य के लिए शासन द्वारा निर्धारित राशि तय की गई है जो नागरिक को देना आवश्यक है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने परिवार व साथियों के साथ कवर्धा में होली मनाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,16 मार्च। छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह वर्षों से चली आ रही अपनी परंपरा को निभाते हुए इस बार भी अपने गृह जिले कवर्धा पहुंचे और परिवार व साथियों के साथ रंगों का त्योहार धूमधाम से मनाया। डॉ. सिंह ने परंपरागत रूप से पहले होलिका दहन किया और फिर रंग-गुलाल के साथ होली खेली। इस दौरान सांसद संतोष पांडेय तथा उनके सुपुत्र एवं पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह, राजेंद्र चन्द्रवंशी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

गांधी मैदान में हुआ होली मिलन, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने दी बधाई

रंग पर्व के दिन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने निजी निवास के सामने स्थित गांधी मैदान में आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. सिंह को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की।राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय ने भी इस आयोजन में विशेष रूप से हिस्सा लिया। अपने चिर-परिचित अंदाज में उन्होंने ढोल-नगाड़ों की धुन पर होली गीत गाए और समां बांध दिया। उनके साथ मौजूद जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने भी इस उल्लास में बढ़-चढ़कर भाग लिया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने आमजन से मिलकर होली की शुभकामनाएँ दीं और कहा कि यह पर्व प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने सभी को आपसी मेल-जोल और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का अवसर भी है। यह पर्व हमे प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने की सीख देता है। हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ की समृद्धि और विकास में योगदान दें, यही इस पर्व की स'ची भावना है।

हर साल निभा रहे परंपरा, मुख्यमंत्री रहते भी मनाई होली

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह हर वर्ष अपने गृह जिले कवर्धा में होली मनाते हैं। जब वे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री थे, तब भी वे अपने इस रीति-रिवाज को निभाने के लिए कवर्धा आते रहे। यह परंपरा लगातार 22 वर्षों से चली आ रही है, जिसमें वे अपने परिवार, साथियों और जिले के लोगों के साथ होली के रंगों में सराबोर होते हैं।

सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई

इस अवसर पर राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी, कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी सहित अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।इसके अलावा, पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, श्री राम कुमार भट्ट, जसविंदर सिंह बग्गा उपस्थित रहेरंगों में सराबोर हुआ कवर्धा, उल्लास से गूँजा माहौलकवर्धा में इस बार की होली भी हर साल की तरह उत्साह, उमंग और भाईचारे के लिए खास थी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के सान्निध्य में जिलेवासियों ने पूरे हर्षोल्लास के साथ यह पर्व मनाया। रंग-गुलाल की बौछार, ढोल-नगाड़ों की थाप और होली गीतों की मधुर धुन ने पूरे माहौल को उल्लासमय बना दिया।

सेलूद के भाजपाइयों ने सांसद विजय बघेल को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

उतई, 16 मार्च। भारतीय जनता पार्टी के ऊर्जावान सांसद विजय बघेल जी के जन्मदिन पर ग्राम सेलूद के भाजपा नेताओं ने भिलाई निवास पहुंचकर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया द्य बधाई देने वालो में प्रमुख रूप से खेमलाल साहू पूर्व मण्डल अध्यक्ष, हरिशंकर साहू मण्डल महामंत्री, श्रीमति खेमिन साहू निवर्तमान सरपंच, कृष्णकुमार साहू, चंचल यादव पूर्व उपसरपंच, लवण बंजारे, पंचगण सुशील ठाकुर, जय प्रकाश साहू, प्रिया देवांगन, नीतू बंछोर, सुनीता ठाकुर, साथ ही किरण सोनवानी, तारेंद्र बंछोर, महेश्वर बंछोर, बूथ अध्यक्ष जयन्त साहू, उमेश सिन्हा, हरिशंकर साहू (बोरिद) गैंदलाल बंछोर, तुकाराम सेन, नरोत्तम साहू,राजकुमार साहू, पीताम्बरी साहू, कामिनी साहू, अनिता सिन्हा, रोहिणी साहू, मुस्कान बंछोर, धनेश्वरी बघेल, लक्ष्मी चक्रधारी, दीपिका चक्रधारी, सरस्वती सिन्हा, सरोज मेश्राम, राज बंछोर, देवेंद्र साहू, देवेश साहू, देवेंद्र वर्मा सहित भाजपाइयों की उपस्थिति रही ।

महापौर के प्रयासों से शहर के लोगों को मिली बड़ी सौगात

दुर्ग, 16 मार्च। नगर पालिक निगम। नगरोत्थान योजना के अंतर्गत शहर विकास कार्य के लिए महापौर श्रीमती अलका बाघमार के पहले कार्यकाल मात्र एक महीने के भीतर 25 करोड़ की राशि को मिली स्वीकृति।इसके लिए उन्होंने शासन के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

जमीन धोखाधड़ी, जुर्म दर्ज

भिलाई, 16 मार्च। भिलाई एक ही जमीन को कूटरचित दस्तावेज से अलग.अलग लोगों को रजिस्ट्री किए जाने के बड़े मामले का खुलासा न्यायालय में होने के बाद सुपेला पुलिस ने मामले में राजू खान सहित 5 लोगों के खिलाफधोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है सुपेला पुलिस ने बताया कि सर्वेश्वर दयाल मिश्रा ;65 वर्षद्ध निवासी कोहका पुरानी बस्ती वार्ड.13 ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी कुंजलाल की भूमि पूर्व खसरा नंबर 69ध्3 वर्तमान खसरा नबंर 76ध्1 जमीन 2 एकड 20 डिसमिल की भूमि थी उसके द्वारा विभिन्न टुकड़ों में भूमि का विक्रय 18 जुलाई 1978 में किया गया। कुंज लाल ने जाति कुर्मी बताया था। ब्रिकयशुदा भूमि को आरोपियों ने दस्तावेजों में कूटरचना करते हुए पूर्व पंजीकृत एवं ब्रिकय कि जा चुकी उसी भूमि खसरा नम्बर 69ध्3 नया खसरा 76ध्1 का विक्रय आरोपियों ने षडयंत्र करते हुये धोखा देने के आशय से कूटरचित दस्तावेज निर्मित कर कुंजलाल के माध्यम से संयुक्त रूप से हफीजुल्ला और राजू खान ने 14 अगस्त 2007 को पुनः विक्रय का पंजीयन कार्यालय दुर्ग में पुनः खसरा नंबर 69.3 रकबा 2.20 एकड़ भूमि को करा लिया। जिसमें भूमि व्रिकेता का नाम कुंजलाल आ. लखन सिंह जाति सतनामी भूमि खसरा नम्बर पुराना नंबर 69.3 बंदोबस्त के बाद नंबर 76:1 दर्शा एवं कागजों में कूटरचना की गई।

जनपद सदस्य ने हर्बल गुलाल से होली खेलने की शुरुआत की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई,16 मार्च। जनपद पंचायत पाटन के जनपद सदस्य ग्राम घुघुवा के निवासी समाजसेवी प्रणव शर्मा द्वारा होली के पावन पर्व के पहले अपने जनपद क्षेत्र के 7 गांव करसा, घुघुवा, राखी, खेली, अमेरी, करगा व गभरा के में जाकर सरपंच, उप सरपंच, पंच, महिला स्व सहायता समूह, वरिष्ठ नागरिक, युवा एवं ग्रामवासियों के बीच महिला स्व सहायता समूह द्वारा प्राकृतिक रूप से निर्मित गुलाल जिसमे पलाश के फूल का नारंगी रंग, नीम के पत्तों का हरा रंग, हल्दी का पीला रंग, चुकंदर के रस का गुलाबी रंग आदि से निर्मित हर्बल गुलाल लेकर होली मिलन समारोह का आयोजन किया तथा सबसे अपील किया कि आने वाले समय में यह रंग उनके ही गांव में बनाया जाए और उन्हीं रंग से होली खेला जाए ताकि रसायन युक्त गुलाल का प्रयोग बंद हो जिसके कारण आंखों में जलन, सर में दर्द आदि

भयंकर समस्याएं होती है, प्राकृतिक रंग गुलाल उपयोग कर शरीर में होने वाले नुकसान से बचे और हमारे गांव की महिलाओं को रोजगार मिले, वह सशक्त हो। उनके द्वारा निर्मित प्राकृतिक रंग से खेलने से कोई नुकसान नहीं होगा, उनकी आय बढ़ेगी और आने वाले समय में उनके द्वारा बनाया गया सामान प्रदेश में और देश में भी बिकेगा जिससे वह मुनाफा कमा सकेंगे। इस पहल से स्वदेशी योजना को भी फायदा मिलेगा, सेहत को भी नुकसान नही होगा, पर्यावरण को भी नुकसान नहीं होगा। इस पहल को लेकर के गांव की महिला समूह में बहुत उत्साह देखने मिला तथा इस वर्ष होली में भी वह इस रंग का प्रयोग करेंगे और अगले वर्ष से सबने यह ठाना है कि हम अपने हाथों के बने हुए गुलाल से होली खेलेंगे। उपरोक्त कार्यक्रम सभी सात गांव में आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित सभी ने एक दूसरे को हर्बल गुलाल लगाकर होली की बधाई दी एवं सभी द्वारा प्रणव शर्मा के इस पहल की सराहना की गई।

जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी ने पूर्व सीएम को गुलदस्ता भेंटकर होली की बधाई दी

कवर्धा, 16 मार्च। जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे ने पूर्व सीएम एवं विधानसभा अध्यक्ष को गुलदस्ता भेंटकर सौजन्य

इस्पात एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री ने नवाचार को बढ़ावा देने वेब पोर्टल का किया शुभारंभ

भिलाई, 16 मार्च। भारतीय इस्पात अनुसंधान प्रौद्योगिकी मिशन (एसआरटीएमआई), जो इस्पात मंत्रालय द्वारा समर्थित भारतीय इस्पात उद्योग और शिक्षा जगत की एक संयुक्त पहल है, ने 12 मार्च को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में भारतीय इस्पात क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास का उत्प्रेरण कार्यक्रम के दौरान तीन नई अनुसंधान एवं विकास योजनाएं और एक वेब पोर्टल लॉन्च किया। इस्पात एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने अनुसंधान एवं विकास योजनाओं तथा एसआरटीएमआई वेब पोर्टल का शुभारंभ किया तथा इस्पात क्षेत्र में नवाचार एवं स्थिरता को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका पर जोर दिया। भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि नई आरएंडडी पहल और स्टीलकोलैब भारत के 2030 तक 300 मीट्रिक टन स्टील उत्पादन क्षमता की ओर बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंड्रिक ने वैश्विक इस्पात मांग केंद्र के रूप में भारत के उभरने पर प्रकाश डाला, और अनुमान लगाया कि 2030 से पहले प्रति व्यक्ति खपत 9100 किलोग्राम से बढ़कर 9158 किलोग्राम हो जाएगी। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के चेयरमैन और एसआरटीएमआई के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने भारत की वैश्विक इस्पात प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए उद्योग-अकादमिक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। इस्पात मंत्रालय के संयुक्त सचिव अभिजीत नरेन्द्र ने उद्घाटन भाषण दिया। इस्पात मंत्रालय और एसआरटीएमआई की निदेशक सुश्री नेहा वर्मा ने अनुसंधान एवं विकास योजनाओं, उनकी कार्यान्वयन रणनीतियों को प्रस्तुत किया और स्टीलकोलैब का परिचय दिया। इस्पात मंत्रालय के उप सचिव जी. सारथी राजा ने इस्पात मंत्रालय द्वारा समर्थित अनुसंधान एवं विकास पहलों पर प्रस्तुति दी।

धनोरा में जली नारियल,नींबू की होली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई,16 मार्च। बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में होलिका दहन के दिन शाम 4 बजे दरबार के भक्त गण इकठ्ठा होकर नाला के पास बिराजे बघुवा के मुरती के पास जाकर सभी लोग पुजा पाठ किया गया दरबार के लक्ष्मण बाबा नंद पंडा मनोज पटेल पुरन साहू जस सम्राट एवं अन्य भक्तों के द्वारा पुजा पाठ करके बघुवा के मुरती पर लाल रंग के चुनरी पान फुल दीपक जलाकर एवं केशर ईया रंग के पताका चढ़ाकर विधी विधान के साथ पुजा पाठ करके सभी के सुख शांति समृद्धि के लिए प्रार्थना किया गया फिर वहां से सभी भक्तगण दरबार में पुजा पाठ किया गया तत् पस्चात दरबार के आगे नारियल नींबू कपड़ा भेलवा के होली रचकर नंद पंडा के द्वारा चकमक पत्थर के चिंगारी से होली जलाया गया दरबार में पहुंचे भकतो के शरिर से नारियल

भेलवा नीबू उतार कर नंद पंडा मनोज पटेल राजू यादव के द्वारा डाला गया फिर सभी भक्त गण अपने अपने घर से लाए कपड़ा नारियल होली मे डालते गये आगे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि इस तरह से होली सिर्फ छत्तिसगढ़ मेहमारे गांव धनोरा दुर्ग में ही जलाया जाता है जिससे सारे परेशानी दुःख दर्द दुर होते हैं और सारे मनोकामनाएं पूरी होती है उसके बाद दरबार के आगे श्री राधा कृष्ण फाग एवं सेवा भजन मंडली धनोरा के गायक भाई गुलाब साहू जी के द्वारा फाग गीत गाया गया और दरबार में पहुंचे बड़े दुर दराज से भक्त गण एक दुसरे के उपर रंग गुलाल लगा कर होली मनाया गया नगाड़ा के धुन पर सभी लोग नाचते गाते रहे यह रंग गुलाल का सिलसिला रात्रि 11 बजे तक चलते रहे हर साल यहां पर होलिका दहन के दिन दरबार में हर जिले से लोग आते हैं और अपने सारे परेशानी दुर कर के अपने अपने घर को जाते हैं इस दरबार में हर पर्व पर कुछ न कुछ धार्मिक आयोजन होता रहता है और जिसमें बड़े ही दुर दुर से लोग पहुचते है और गांव के भी लोग आकर इस कार्यक्रम में शामिल होते हैं इस आयोजन में मुख्य रूप से दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी नंद पंडा मनोज पटेल रोमनाथ साहू बबलू गज्जू रायपुरीहा श्री पुरण साहू जस सम्राट भोलू खिलेशवर ओमकार साहू विनोद साहू राजू यादव मनसुखा साहू गुलाब साहू ललित साहू सुऊख राम हेमंत साहू कुंभकरण पटेल वासुदेव स्प्रे सुनील कहार सुंदर स्प्रे दिनेश साहू मुनना गंधर्व जीवराखन ठेकेदार बाबु लाल साहू रुपलाल साहू रोमनाथ साहू मायिल साहू वासुदेव स्प्रे कल्याण देवांगन चन्द्र कांत देवांगन विनोद साहू जी एम लाल देवांगन योगेश साहू तोमन गजपाल नोहर साहू डॉ धनेशवर साहू दिनेश यादव उमेश साहू आदि भक्त गण मौजूद रहे यह जानकारी दरबार प्रति निधी चंन्द्र कांत कोसरे एवं श्री कुंज लाल साहू जी ने दी।

जन्मदिवस पर सांसद विजय बघेल ने महाकाल शिव मंदिर में किया हाल का लोकार्पण

भिलाई, 16 मार्च। दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल के जन्म दिवस के अवसर पर बधाई देने लोगों की भीड़ उमड़ी। शनिवार की सुबह श्री भ्रदेश्वर महाकाल शिव मंदिर सेक्टर 05 मंदिर के नवनिर्माण हाल का लोकार्पण सांसद विजय बघेल ने किया। तत्पश्चात मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने उनके जन्मदिन के अवसर पर महापूजा, महाआरती, महाप्रसाद वितरण किया। सांसद विजय बघेल अपनी धर्मपत्नी श्रीमती रजनी बघेल के साथ पुजा अर्चना कर मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ में केक काटा कर उन्हें उनके जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसी तरह गणेश मंदिर, जगन्नाथ मंदिर में अपनी धर्मपत्नी श्रीमती रजनी बघेल के साथ पूजा अर्चना कर घर की गौ माता की पूजा अर्चना कर खिचड़ी खिलाकर गौ माता से आशीर्वाद लिया तत्पश्चात सांसद विजय बघेल की रंगोली से उनकी चित्रकला उनके चित्रकार प्रदर्शन करने वालों को बधाई दी इसके पश्चात लड्डुओं से तौला गया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि जनता का प्रेम आशीर्वाद ही उनके लिए सबसे बड़ी पूंजी है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ललित चंद्राकर विधायक गजेंद्र यादव, डोमन लाल कोर्सेवाडा, विधायक रिंकेश सेन, ईश्वर साहू विधायक, अलका बाघमार महापौर, मीना वर्मा नगर पालिका अध्यक्ष विधानद कुशवाहा नगर पालिका अहिवारा दयानंद सोनकर कमलेश्वर अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्ग लोकसभा इन्द्रनील श्रीवास्तव, अनेक जनप्रतिनिधि सहित भाजपा कार्यकर्ता गणमान्य नागरिक गण अत्यधिक संख्या में सैकड़ों लोग बधाई देने पहुँचे।

सिंटर प्लांट में राजभाषा कार्यशाला,कवि सम्मेलन आयोजित

भिलाई, 16 मार्च। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 के सभागार प्रेरणा विकास केंद्र में मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्ता एवं मुख्य महाप्रबंधक राजीव पाण्डेय की उपस्थिति में विभागीय राजभाषा कार्यशाला एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक जगेन्द्र कुमार तथा महाप्रबंधक सजीव वर्गीस भी उपस्थित थे। कवि सम्मेलन में भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों में कार्यरत 13 कवियों ने अपनी स्वरचित रचनाओं का पाठ किया। मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्ता ने अपने उद्बोधन में कहा हिंदी के प्रगामी प्रयोग में वृद्धि हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है; इसी के अनुरूप कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है, आगे भी हिंदी के प्रगामी प्रयोग के प्रोत्साहन हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहेगा। मुख्य महाप्रबंधक (पावर फेसिलिटी) राजीव पाण्डेय ने कहा कि भाषा ही अभिव्यक्ति का माध्यम है, हम सब हिंदी में ही समस्त कार्यालयीन कामकाज करें। हिंदी भाषा के प्रोत्साहन के लिए कवि सम्मेलन का आयोजन एक अच्छा माध्यम है। महाप्रबंधक अरुण केशव बेडेकर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर दत्ता ने भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न उत्पादों पर रची अपनी अनूठी कविता से उपस्थित जनों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम में सामान्य ज्ञान, सुरक्षा, एवं पर्यावरण पर केन्द्रित प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें प्रथम पुरस्कार चुन्नी लाल, इंजीनियरिंग असिस्टेंट, द्वितीय पुरस्कार दत्ता चौधरी, इंजीनियरिंग एसोसिएट, तृतीय पुरस्कार एम एम अनीस, महाप्रबंधक तथा प्रोत्साहन पुरस्कार प्रफुल्ल फालके, उप महाप्रबंधक एवं ओमवीर करन, इंजीनियरिंग एसोसिएट ने प्राप्त किया।

सीमा सुरक्षा बल ने रिसाली मुख्यालय में हर्षोल्लास से मनाया होली का पर्व

भिलाई, 16 मार्च। सीमांत मुख्यालय (विशेष-संक्रिया) सीमा सुरक्षा बल, रिसाली में होली का पर्व हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर महानिरीक्षक आनंद प्रताप सिंह ने बीएसएफ के कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। महानिरीक्षक सीमा सुरक्षा बल ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार ही नहीं, बल्कि भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक भी है। उन्होंने सीमा सुरक्षा बल के सभी अधिकारियों, जवानों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुरक्षित और सुखद जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान रंग-गुलाल के साथ पारंपरिक होली गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया, जिसमें जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और जवान उपस्थित रहे। आनंद प्रताप सिंह महानिरीक्षक ने कहा कि बीएसएफ एक परिवार की तरह है, और इस तरह के आयोजनों से आपसी सहयोग और आत्मीयता को और अधिक मजबूती मिलती है। उन्होंने सभी जवानों को अपने कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने और राष्ट्र सेवा में सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया।

झारखंड विधायक के दामाद की हादसे में मौत

भिलाई, 16 मार्च। भिलाई झारखंड विधायक के दामाद धर्मेंद्र सिंह की भिलाई में सड़क हादसे में मौत हो गई है दुर्घटना के बाद जामुल पुलिस ने शव को पीएम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पहुंचाया। जहां पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में देर रात शव का पोस्टमॉर्टम किया गया और शव रात में ही बिहार ले जाया गया है मिली जानकारी के अनुसार बिहार के औरंगाबाद जिले के चटेवा के रहने वाले धर्मेंद्र सिंह ने होली के दिन काफी अधिक मात्रा शराब पी हुई थी। नशे की हालत में तेज रफ्तार में बाइक चलाते हुए फौजी नगर हाउसिंग बोर्ड पहुंचा एसबीआई बैंक के पास उसकी बाइक बिजली के पोल से टकरा गई इससे सिर में चोट आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई मृतक भिलाई में एक फैक्ट्री में काम करता था वह झारखंड के किस विधानसभा के विधायक का दामाद था ये तो पता नहीं चला, लेकिन पोस्टमॉर्टम रातों रात प्रोटोकॉल के बीच हुआ है इसके बाद प्रोटोकॉल के बीच रात में धर्मेंद्र सिंह के शव का पीएम हुआ

80 एकड़ खेत में ड्रोन से दवाई छिड़काव कर निरूपा ने कमाए 25 हजार रुपए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कसडोल 16 मार्च। महिलाएं अब घर की चारदीवारी और चूल्हाचौका के काम तक ही सीमित नही रह गई है। वे दिन -प्रतिदिन नित नए आधुनिक कार्य को सीखकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने का सतत प्रयास कर रही है। इन्ही प्रयासों में से एक बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम लाहौद निवासी निरूपा साहू अब गांव में ड्रोन वाली दीदी के नाम से जानी जाती है।

निरूपा साहू बतलाती है कि उनका मूल घर ग्राम करदा है. लेकिन अब ये लोग लाहौद में ही निवासरत है। मेरे पति नकुल प्रसाद साहू लवन जिला सहकारी सोसायटी में कम्प्यूटर आपरेटर के रूप में कार्य करते है। हमारे दो लड़के है। एक लड़का अभी कक्षा चौथी और दूसरा कक्षा दूसरी में पढ़ाई कर रहे है। मैं भी 12 वी तक पढ़ी हुई हूं। बचपन से ही मुझे बाहर जाकर कुछ काम करने का मन था ताकि मैं अपने पति के साथ कंधे से कंधे मिलाकर उनकी सहयोगी बन सकूं और घर के खर्चो में अपना योगदान दे पाऊं। मैं बिह्वन के अंतर्गत वैभव लक्ष्मी स्व सहायता समूह से जुड़ी हुई हुं। एक दिन कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा ड्रोन चलाने वाले काम के बारे में बताया गया। मैंने इस कार्य में भविष्य की संभावनाएं को देखते हुए तत्काल

हामी भर दी। उसके बाद ईफ्को कंपनी की सहायता से नमो ड्रोन दीदी की ट्रेनिंग लेने ग्वालियर इंस्टिट्यूट में गई थी। जहां मुझे 15 दिन की ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिग के बाद आरपीसी लाइसेंस मिला है। वापस गांव आकर मैं ड्रोन दीदी के रूप में कार्य कर रही हूं।

निरूपा आगे बतलाती है कि अप्रैल माह में मुझे यह ड्रोन मिला है और तब से वह ड्रोन के माध्यम से किसानों के खेत में दवाई छिड़काव करने का कार्य कर रही है। 300 रूपये एकड़ के हिसाब से चार्ज लेती है। अब तक गांव के लगभग 80 एकड़ खेत में ड्रोन से दवाई का छिड़काव कर चुकी है। जिससे मुझे 25 हजार रूपये की आमदनी हुई है। ड्रोन से ना केवल निरूपा साहू को फायदा हुआ है बल्कि किसानों को भी इसका सीधा लाभ मिला है। किसान परमेश्वर वर्मा कहते है कि पहले दवाई छिड़काव स्पियर से किया जाता था जिससे बहुत टाइम और खर्च अधिक लगता था। लेकिन ड्रोन के माध्यम से महज कुछ मिनटों में ही यह कार्य पूर्ण हो जाता हैं और दवाइयों का बेहतर रूप से छिड़काव हो जाता है।गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा नमो ड्रोन दीदी योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत आने वाले चार वर्षों में 15 हजार स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराया जाएगा और कृषि क्षेत्र में उर्वरकों का छिड़काव, फसलों में खाद डालना, फसल वृद्धि की निगरानी करना, बीज बोना आदि के लिए ड्रोन चलाने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। ताकि नई प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कौशल प्रदान कर महिलाओं के लिए आजीविका के नए अवसर पैदा किया जा सके।

समाचार संक्षेप

अवैध रूप से शराब बेचने वाले 7 लोगों पर पुलिस ने की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

■ आरोपियों से 453 पाव देशी मसाला तथा 6 लीटर महुआ शराब जब्त

बलौदाबाजार, 16 मार्च। ऑपरेशन विश्वास के तहत जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 12.03.2025 को विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर, अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले कुल 07 आरोपी शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से ?52, 350 कीमत मूल्य का कुल 453 पाव देशी मसाला शराब तथा 06 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। साथ ही अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त 02 मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया है। आरोपी शराब कोचियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर, आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम यशवंत चेलक उम्र 25 साल निवासी ग्राम धाराशिव थाना लवन, चंद्रकली भारती उम्र 40 वर्ष निवासी भैंसापसरा थाना सिटी कोतवाली, राजकुमार कश्यप उम्र 55 साल निवासी इंदिरा कॉलोनी बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, कुमार जांगड़े उम्र 42 साल निवासी इंदिरा कॉलोनी बलौदाबाजार, आदित्य साहू उम्र 18 साल निवासी ग्राम डमरू थाना सिटी कोतवाली, हृदय साहू उम्र 30 साल निवासी ग्राम कंजी थाना सिटी कोतवाली , राकेश सायतोड़े उम्र 35 साल निवासी शक्ति वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर है।

एक नजर

कलेक्टर ने सुहेला में तहसीलदार किशोर वर्मा को किया पदस्थ

बलौदाबाजार, 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर दीपक सोनी ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से आगामी आदेश पर्यन्त तहसील सुहेला के वर्तमान तहसीलदार के स्थान पर तहसील लवन के तहसीलदार किशोर कुमार वर्मा को पदस्थ किया है। वहीं जिला कार्यालय बलौदाबाजार मे पदस्थ तहसीलदार पेखन टोंड्रे को तहसील लवन मे पदस्थ किया है। इस आशय के आदेश जारी कर दिया गया है।

गीदम नपं अध्यक्ष व पार्षद ने किया वार्ड भ्रमण, लोगो की सुनी समस्याए

गीदम। 16 मार्च । बुधवार को गीदम नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना एवं पार्षद सूरज सिंह ठाकुर के द्वारा वार्ड क्रमांक 08 एवं 09 का भ्रमण किया गया। वार्ड में मूलभूत समस्या पीने

का पानी, नाली की निकासी, बोर, लाइट जैसे समस्याओं को समझा एवं उसके निदान करने का प्रयास किया गया। वर्षों से अधूरी, अपूर्ण नाली को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कई स्थानों पर वार्डवासियों के द्वारा बताया गया कि भूमि के कारण अधूरे नाली को पूरा करने में समस्या आ रही थी। जिसे ध्यान में रखते हुए तहसीलदार से फोन में बात कर उस समस्या का समाधान निकाला गया। निरीक्षण के दौरान पेय जल की समस्या को तत्काल निदान करने हेतु इंजीनियर को निर्देशित किए। वार्ड भ्रमण में वार्डवासियों की समस्या को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु आश्वस्त किए। इस त्वरित कार्यवाही के लिए वार्डवासियों ने भी अध्यक्ष एवं पार्षद का धन्यवाद किया। वार्ड भ्रमण के दौरान मुख्य रूप से नगर पंचायत के इंजीनियर, पूर्व पार्षद शोएब रिजवी, हरि, रमन, फंडे एवं वार्डवासी उपस्थित रहें।।

पत्नी की मौत से दुखी मजदूर ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

कोरबा 16 मार्च। कुसमुंडा थाना क्षेत्र के नरईबोध गांव में 48 वर्षीय मजदूर रामरतन चैहान ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार रामरतन की पत्नी सुखमति बाई की 15 दिन पहले बीमारी से मौत हो गई थी, जिसके बाद से वे गहरे सदमे में था। शनिवार दोपहर घर में अकेले रहते हुए उन्होंने मां की साड़ी से फांसी लगा ली। परिजन अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन का नहीं होगा आयोजन

कोरबा 16 मार्च। कलेक्ट्रेट में प्रति सप्ताह सोमवार को आयोजित होने वाला कलेक्टर जनदर्शन इस सोमवार 17 मार्च को नहीं होगा। कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशानुसार अपरिहार्य कारणों से जनदर्शन-जनचैपाल कार्यक्रम को स्थगित किया गया है।

एकता और भाईचारे का संदेश देता है होली का त्यौहार : संजय सिन्हा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरिया, 16 मार्च। छुरिया विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में होलिका दहन के दूसरे दिन पूरे अंचल में रंगोत्सव की धूम रही, जगह जगह फाग महोत्सव व लोक महोत्सव, प्रतियोगिता की धूम रही। छुरिया क्षेत्र के ग्राम बोईरडीह, जरहामहका, हैदलकोड़ो, बेलरगोंदी, घुपसाल, भोलापुर दतरेंगाटोला में बतौर अतिथि के रूप में संजय सिन्हा मौजूद रहे।

ग्राम दतरेंगाटोला में बसंत बहार फाग महोत्सव समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि होली पर्व बुराई मे अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाले मुख्य त्यवहारों में से एक है ये एकता भाईचारे की संदेश देता है। उन्होने आघे कहा कि होली एक ऐसा त्यौहार है, जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह से मनाते हैं। प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन को खोलकर भाई चारे संदेश देता है। इस दिन सारे लोग अपने पुराने गिले शिकवे भूल कर गले लगाते हैं और एक दूजे को गुलाल लगाते हैं इस अवसर पर मुख्य रूप से बीरम राम कुमार मंडावी जिला पंचायत सदस्य, अजय पटेल अध्यक्ष नगर पंचायत छुरिया, राजेश्वर ध्रुवे अध्यक्ष रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया, मायाराम साहू, नैनसिंग पटेल, कुंदन बडोले, कुमारसाय साहू, बिसरू राम चंद्रवशी सरपंच पठानडोडगी, मेघनाथ कंवर, रेवाराम साहू, मुकेश निषाद, संजय सोनवानी, रामकिशन कंवर, नरोत्तम साहू सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

मानपुर कालेज में विद्यार्थियों ने रंगोत्सव मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

मोहला, 16 मार्च। शासकीय लाल श्याम शाह मानपुर में विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया पूरे परिसर में रंगों की छटा बिखर गई। हर चेहरे पर रंग बदलते नजर आए। प्राचार्य मनोज ठाकुर ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह त्योहार सभी के जीवन में खुशियों के रंग भरे। होली के गीतों पर ताल से ताल मिलाते झूमते हुए सभी ने उत्सव का आनंद लिया।

मानपुर के वार्ड नं 17 शांति नगर कॉलोनी में दिखी होली की उमंग: रंगोउत्सव में इस त्यौहार में मानपुर में रंग, गुलाल और पानी के बौछारों से एक-दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होली के रंग में महिला, बच्चे, बूढ़े, जवान सभी मस्ती में एक ही रंग में रंगे हुए थे। सुबह से हर कोई होलियाना मुड़ में नजर आ रहे थे। होलीआई रे कन्हाई, रंग बरसे की धून पर लोगों का जो थिरकना शुरू हुआ वह देर शाम तक जारी रहा। महिलाओं की टोली भी किसी से कम नहीं थी। पुरूषों की तरह महिलाओं ने भी होली का आनंद उठाया। सभी एक- दूसरे को रंगने में जुटी हुई थी। एक- दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस तरह सभी झूमते हुए उत्सव का आनंद लिया।

कैलाशनगर में धूमधाम के साथ संपन्न हुआ होलिका दहन

■ होलिका दहन देखने एवं पूजा में शामिल होने बड़ी संख्या में एकत्र हुए थे वार्डवासी

■ होलिका दहन पश्चात सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की दी शुभकामनाएं

दंतेवाड़ा 16 मार्च। बुराई पर अच्छाई की जीत एवं अनेकता में एकता को दर्शाता प्रेम, सदभाव एवं सामाजिक समरसता के प्रतीक का पर्व होलिका दहन कैलाश नगर में धुमधाम के साथ मनाया गया। पर्व के खास मौके पर गुरूवार 13 मार्च को नगर के वार्ड नंबर 15 में अनिल बंजारा किराना चौक पर स्थित रिक्त भूमि पर पहली बार होलिका दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसे लेकर वार्डवासियों में खासा उत्साह देखा गया।

होलिका दहन पर्व के मद्देनजर कैलाशनगर के रहवासियों ने उक्त स्थल की साफ सफाई पूर्व में ही करवा लिया था। होलिका दहन के दिन युवा टीम मिलजुलकर सबके सहयोग से होलिका दहन की तैयारी में जूट गए थे। होलिका दहन स्थल को तोरण आदि से सजाया गया। लाईटिंग एवं साउंण्ड सिस्टम की व्यवस्था की गई थी। होलिका दहन कार्यक्रम में शामिल होने एवं कार्यक्रम को देखने बड़ी संख्या में केवल कैलाशनगर वार्ड के रहवासी ही नहीं बल्कि अन्य मोहल्लों के लोग भी पहली बार आयोजित हो रहे होलिका दहन के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। रात्रि 11:30 बजे शुभ मुहूर्त के शुरू होते ही पंडित श्री विजय पाणिग्राही ने मंत्रोंच्चार आरंभ किया जिसके बाद महिलाओं ने एवं अन्य भक्तगणों ने धूप, दीप, नैवेद्य जलाकर होलिका की पूजा की और जैसे ही होलिका जली उसके चारों ओर परिक्रमा कर लोगों ने अपने

परिवार के सुख समृद्धि की कामना करते धुमधाम के साथ होलिका दहन पूजन किया। होलिका दहन पूजन उपरांत सभी लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। जिसके बाद सभी लोगों ने एक दूसरे पर सूखा रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में शामिल होने नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद पंकज राजा शर्मा भी उपस्थित हुए थे। श्री शर्मा ने भी इस अवसर पर सभी वार्डवासियों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। होलिका दहन पश्चात देर रात तक युवा होली रिमिक्स गाने पर नाचते थिरकते होली की मस्ती में सराबोर होते रहे। कार्यक्रम की तैयारी में सबसे ज्यादा मेहनत वार्ड के युवा गुडडा नाग ने की उनके अथक प्रयास एवं मेहनत के चलते ही कैलाशनगर में पहली बार इतने भव्य होलिका दहन कार्यक्रम का आयोजन संभव हो पाया। इसके लिए सभी वार्डवासियों ने गुडडा नाग की भूरि भूरि प्रशंसा भी की।

गीदम मुख्य मार्ग किनारे आधी रात कार जलकर खाक, असमाजिक तत्वों पर आशंका

गीदम,16 मार्च। गीदम के पुराने अस्पताल परिसर के पास खड़ी होंडा सिटी कार बीती आधी रात जलकर खाक हो गई। यह घटना कैसे हुई फिलहाल स्पष्ट नहीं कहा जा सकता है लेकिन असामाजिक तत्वों पर इस घटना को अंजाम देने की आशंका जताई जा रही है । मिली जानकारी अनुसार वाहन क्रमांक सीजी 04 डी एल 8877 वाहन रोज की तरह शनिवार रात भी वाहन मालिक सन्तोष कुमार मिश्रा के घर के पास पुराने अस्पताल परिसर के बगल में खड़ी थी वही आधी रात वाहन जलकर खाक हो गई । गीदम थाना क्षेत्र में मुख्य मार्ग किनारे हुई इस घटना से नगर में अन्य वाहन मालिकों में भी अब भय का माहौल बना हुआ है । इधर लोग पुलिस के रात्रि गश्त पर भी सवाल उठाने लगे है ।

कल हुआ था विवाद वाहन जलाने की आशंका - सन्तोष मिश्रा-वाहन मालिक संतोष मिश्रा ने बताया कि शनिवार को गाड़ी से नाली का पाइप टूटने को लेकर कुछ लोगो ने शराब पीकर उनसे विवाद किया था जिसके बाद कल देर शाम उन्होंने जब अपनी वाहन खड़ी की तब सुबह 4 बजे उन्हें गाड़ी में आग लगने की सूचना मिली तब तक गाड़ी पूरी तरह जल चुकी थी। श्री मिश्रा ने बताया कि इतने सालो से एक ही जगह पर गाड़ी पार्क की जाती रही है आज तक कुछ नही हुआ लेकिन कल विवाद के बाद यह घटना हुई है ऐसे में विवाद करने वाले लोगो पर आगजनी की आशंका जताई जा रही है, गीदम थाने में भी इसकी सूचना दी गई है ।

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के आदेश पश्चात चुनाव समिति की आवश्यक बैठक आयोजित

बैठक में चेम्बर ऑफ कॉमर्स का चुनाव कराने लिए गए कई निर्णय

रायपुर, 16 मार्च। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज चुनाव 2025, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के आदेश पश्चात मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली द्वारा एक आवश्यक बैठक आज दिनांक 15 मार्च 2025 को आहुत की गई। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारीगण शिवराज भंसाली, प्रकाशचंद गोलछा, के.सी. माहेश्वरी, रमेश गांधी, महावीर तालेड़ा, अनिल कुचेरिया, संजय जोशी, एच. एस. कर, एस.एम. रावते प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

उपरोक्त जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचंद गोलछा ने बताया की छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के उप सचिव रेना जमील के हस्ताक्षरयुक्त आदेश प्राप्ति के पश्चात निर्वाचन समिति ने निर्णय लिया की पुराने संविधान के अनुसार ही वर्तमान चेंबर चुनाव 2025 को संपन्न किया जाएगा। वर्तमान प्रक्रिया के तहत प्रदेश

अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष के साथ रायपुर सहित 26 जिलों के लिए 10 चरण में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होगी जिसमें भिलाई एवं रायपुर जिले में दो दिवसीय मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाई जाएगी।

उन्होंने आगे बताया कि अब रायपुर जिले के लिए 8 उपाध्यक्ष एवं 8 मंत्री तथा निम्न जिलों सरगुजा, सूरजपुर, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, गौरेला-पेंड्रा-मारवाही, धमतरी, दंतेवाड़ा, कांकेर, रायगढ़, जशपुर, सारंगढ़-बिलाईगढ़, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, कबीरधाम, बालोद, बिलासपुर, सक्ति, कोरबा, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, बेमेतरा महासमुंद, गरियाबंद, बलोदाबाजार-भाटापारा जिलों में 1 उपाध्यक्ष एवं 1 मंत्री के पद हेतु मतदान होगा साथ ही प्रदेश के तीन पद अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष हेतु समस्त 27480 मतदाता मतदान करेंगे।

नाम निर्देशन पत्र 17-18-19 मार्च, दिन सोमवार, मंगलवार, बुधवार को 11:00 बजे से 2:00 बजे तक दिए जाएंगे एवं जमा करने का समय दोपहर 3:00 से शाम 6:00 बजे तक रहेगा। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 20 मार्च, दिन गुरुवार समय 11:00 बजे से 5:00 तक रहेगा।

नाम निर्देशन पत्र शुल्क प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए 31000 तथा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंत्री पद के प्रत्याशियों के लिए 15000 निश्चित किया गया है। उपरोक्त प्रक्रिया चेंबर भवन में संपन्न की जाएगी।

रायपुर, 16 मार्च। छत्तीसगढ़ विधानसभा में होली मिलन कार्यक्रम लोक कलाकार रायपुर डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर एवं साथियों के संग मुख्यमंत्री विष्णु देव साय , विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह , विपक्ष के नेता चरण दास महंत एवं मंत्रिमंडल व सभी विधायक गण मौजूद थे।

पोको-M7 5G अपने सेगमेंट में एकमात्र स्मार्टफोन

भारत, भारत का प्रमुख परफॉर्मेंस के दम पर चलने वाला स्मार्टफोन ब्रांड, पोको अपने नए पोको M7 5G के लॉन्च के साथ एक बार फिर बजट सेगमेंट में हलचल मचा रहा है। यह फोन उन लोगों के लिए बनाया गया है जो कम कीमत में ज्यादा खूबियां चाहते हैं। पोको M7 5G सिर्फ ₹9999 की अविश्वसनीय कीमत पर मिलेगा और यह अपने सेगमेंट में सबसे बड़ा 6.88 इंच का डिस्प्ले

और 120Hz का अल्ट्रा-स्मूथ एडाप्टिव रिफ्रेश रेट देने वाला एकमात्र स्मार्टफोन है। चाहे आप लगातार बिंज वॉच करें, गेम खेलें या स्क्रॉल करते रहें, पोको M7 5G एक शानदार और आंखों को आराम देने वाला अनुभव प्रदान करेगा। स्नैपड्रैगन® 4 जेन 2 चिपसेट, 12GB रैम (6GB टर्बो रैम) और 5160mAh की बैटरी से लैस, यह हैवी यूजर्स के लिए भी स्मूथ और बिना रुकावट वाली परफॉर्मेंस देता है। इस लॉन्च के अवसर पर, पोको इंडिया के कंट्री हेड, हिमांशु टंडन ने कहा, ₹भारत का स्मार्टफोन बाजार तेजी से बदल रहा है, और आज के जमाने के यूजर्स बिना समझौता किए अधिक मूल्य की अपेक्षा करते हैं।

मुझे नहीं लगता मैं अंगूरी भाबी का किरदार निभाकर कभी बोरियत महसूस करूंगी

एण्डटीवी के लोकप्रिय शो 'भाबीजी घर पर हैं!' में अंगूरी भाबी का किरदार निभा रहीं शुभांगी अत्रे के लिए यह एक खास समय है। इस शो ने 10 सालों का शानदार सफर पूरा कर लिया है और अब यह हंसी और मनोरंजन का कारवां बड़े पर्दे की ओर बढ़ रहा है। शुभांगी इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में भी अंगूरी के अपने चहेते किरदार को फिर से जीवंत करेंगी। वह इस नए सफर को लेकर बेहद उत्साहित हैं। अंगूरी भाबी की मासूमियत और जादू अब टीवी के साथ-साथ सिनेमा हॉल में भी दर्शकों को हंसाने आ रहा है। यह फिल्म दर्शकों के लिए हंसी और मनोरंजन का डबल डोज़ साबित होगी!

अंगूरी भाबी के रूप में अपने शानदार सफर को याद करते हुए, शुभांगी अत्रे ने अपने अनुभव और आगे की योजनाओं पर उत्सुकता व्यक्त की। उन्होंने कहा, ''भाबीजी घर पर हैं!' में अंगूरी भाबी का किरदार निभाना मेरे लिए बहुत खास रहा है। जब मैंने यह रोल किया था, तब नहीं सोचा था कि यह इतना मशहूर हो जाएगा और इसे हर उम्र के लोगों का इतना प्यार मिलेगा। अंगूरी भाबी की मासूमियत, अनोखा अंदाज और मज़ेदार बोल-चाल ने मुझे हमेशा कुछ नया करने का मौका दिया और बतौर कलाकार मुझे बहुत कुछ सिखाया। यह किरदार कभी भी बोरिंग नहीं लगता, क्योंकि हर बार इसमें कुछ नया करने को मिलता है। इतने सालों में अंगूरी भाबी ने कई अलग-अलग रूप अपनाए हैं, कभी मज़ेदार वेशभूषा तो कभी अनोखे अंदाज से दर्शकों को हंसाया है। हर बार नए लुक, अलग एक्सप्रेशन और मज़ेदार स्टाइल अपनाना मेरे लिए भी बहुत मज़ेदार रहा है।''उन्होंने आगे कहा, ''इस किरदार के लिए जो प्यार और सराहना मुझे मिली है, वह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। दर्शकों का इतना प्यार मिलना ही सबसे बड़ी खुशी है। यह सब हमारे शानदार प्रोड्यूसर्स, क्रिएटिव टीम, लेखकों और मेरे को-स्टार्स के बिना संभव नहीं था, जो हर दिन शूटिंग को मज़ेदार बना देते हैं। हमारी पूरी टीम मेहनत करती है ताकि हर किसी के चेहरे पर मुस्कान आ सके, और मैं इस सफर का हिस्सा बनकर खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हूँ।''

फिल्म शूट के बारे में विस्तार से बताते हुये शुभांगी अत्रे ने कहा, ''भाबीजी घर पर हैं! पर अब फिल्म बन रही है, और यह सच में किसी सपने के पूरे होने जैसा लग रहा है। इस शो के 10 साल पूरे होने का इससे बेहतर जश्न और क्या हो सकता है कि इसे बड़े पर्दे पर लाया जाए! देहरादून की खूबसूरत वादियों में फिल्म की शूटिंग करना एक कमाल का अनुभव रहा, और मुझे बेसब्री से इंतजार है कि फैन्स इसे सिनेमाघरों में देखें और इस जादू का हिस्सा बनें। यह फिल्म उन तमाम हंसी से भरपूर पलों और खुशियों को समर्पित है, जो 'भाबीजी घर पर हैं!' ने दर्शकों को दी हैं। मैं यकीन दिलाती हूँ कि यह एक जबरदस्त एंटरटेनर होगी, जो शो की मस्ती और मजे को उसी अंदाज में बरकरार रखते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेगी!''

भूल भुलैया 3: अब टूटेगा डर का ताला

डर, रहस्य और कॉमेडी का अनोखा संगम लेकर आ रहा है– भूल भुलैया 3! रोमांचक घटनाओं, भयावह अनुभवों और हंसी से भरपूर पलों के साथ सोनी मैक्स का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर दर्शकों को एक अद्भुत सफर पर ले जाएगी। इस फ़िल्म की कहानी सस्पेंस, कॉमेडी और अलौकिक घटनाओं को शानदार ढंग से जोड़ती है, जहां किरदारों को एक बार फिर से भयावह आत्माओं का सामना करना पड़ता है। कहानी के केंद्र में मंजुलिका की रहस्यमयी वापसी का रहस्य है, जिसे सुलझाने की कोशिश में किरदारों को कई रोमांचक मोड़ों से गुजरना पड़ता है। 'भूल भुलैया 3' डर और हंसी का बेहतरीन मिश्रण पेश करती है, जिससे यह पूरे परिवार के लिए एक परफेक्ट एंटरटेनमेंट बन जाती है। फ़िल्म में दमदार स्टारकास्ट देखने को मिलेगी, जिसमें कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी शामिल हैं। कार्तिक आर्यन ने कहा, ₹क्लाइमैक्स में 'आमी जे तोमार' गाने का एक वर्जन सोनू निगम जी ने गाया है। मैंने इस गाने पर तांडव किया, जो मेरी सबसे खास यादों में से एक है। इस गाने की अधिकतर कोरियोग्राफी सेट पर ही बनी थी। मुझे याद है कि माधुरी जी खुद रिहर्सल हॉल में आईं और मुझे कुछ स्टेप्स सिखाए। उन्होंने मेरे कुछ

डांस स्टेप्स ठीक किए और मुझे कुछ आसान टिप्स भी दिए, जो मेरे बहुत काम आए। यह पल मैं हमेशा याद रखूंगा। वर्ल्ड टीवी प्रीमियर से पहले, कार्तिक आर्यन और विद्या बालन ने फ़िल्म से जुड़े अपने यादगार अनुभव साझा किए। कार्तिक आर्यन ने फ़िल्म के क्लाइमैक्स में अपने आइकॉनिक तांडव परफॉर्मेंस को याद किया, जहां उन्होंने सोनू निगम के गीत 'आमी जे तोमार' गाने पर नृत्य किया था। उन्होंने बताया कि इस गाने की कोरियोग्राफी शूटिंग के दौरान ही बनी और माधुरी दीक्षित ने उनकी रिहर्सल में मदद की। वहीं, विद्या बालन के लिए सबसे यादगार पल था जब उन्होंने माधुरी दीक्षित के साथ उनके मशहूर गाने 'दीवाना बना दे' पर डांस किया। उन्होंने इसे जादुई अनुभव बताया और कहा कि वे आज भी इस पर यकीन नहीं कर पा रही हैं कि उन्होंने अपनी आइडल के साथ परफॉर्म किया। विद्या बालन ने कहा, ₹मेरे लिए 'दीवाना बना दे' का सबसे खास पल यह था कि मैं माधुरी दीक्षित के साथ इस गाने पर डांस कर रही थी। यह गाना अब सिर्फ़ मेरा नहीं, बल्कि हमारा गाना बन चुका है। मुझे आज भी इस पर यकीन नहीं होता – यह किसी जादू से कम नहीं था। माधुरी दीक्षित खुद ही जादू हैं और उनके साथ परफॉर्म करना मेरे लिए बेहद खुशी की बात थी।

अपने शहर की होली को याद कर भावुक हुए कलाकार!

होली रंगों, खुशियों और अपनेपन का त्योहार है! यह त्योहार तब और भी खास हो जाता है, जब इसे अपने घर, परिवार और दोस्तों के साथ मनाया जाता है। एण्डटीवी के कलाकारों योगेश त्रिपाठी ('हप्पू की उलटन पलटन' के दरोगा हप्पू सिंह) और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी) ने अपने होमटाउन की होली को याद किया और बताया कि इस बार वे घर नहीं जा पायेंगी, इसलिये उन्हें इसकी कमी बहुत खलने वाली है। हालांकि, त्योहार का मजा बनाए रखने के लिए वे अपनी खास परंपराओं को निभाएंगे, जैसे गुजिया बनाना और पूजा करना, जिससे उन्हें ऐसा लगे कि वे अपने घर पर ही होली मना रहे हैं। योगेश त्रिपाठी उर्फ़ दरोगा हप्पू सिंह कहते हैं, ''उत्तर प्रदेश में मेरे गांव की होली का मजा ही अलग है। चारों तरफ रंग, मस्ती, हंसी और ढेर सारी मिठाइयां होती हैं। हम हर साल पहले पूजा करते हैं, फिर गुलाल उड़ाते हैं, नाचते-गाते हैं और मजेदार पकवानों जैसे गुजिया और ठंडाई का आनंद लेते हैं। बरसाना की लट्ठमार

होली और वृंदावन की फूलों वाली होली तो देखने लायक होती है! इस बार वहां नहीं जा पा रहा हूं, यह बहुत मिस करूंगा। लेकिन घर पर गुजिया बनाकर और अपनी परंपराएं निभाकर, मैं अपनी होली की खुशियों को बनाए रखूंगा और अपने घर से जुड़ा महसूस करूंगा।'' शुभांगी अत्रे ऊर्फ अंगूरी भाबी ने कहा, ''मध्य प्रदेश की होली हमेशा से मेरे दिल के करीब रही है। इसकी शुरूआत होलिका दहन के साथ होती है, जहां हम होलिका की आग के चारों ओर जमा होते हैं और समृद्धि और खुशियों के लिये प्रार्थना करते हैं। अगले दिन पूरा शहर रंगों से सराबोर रहता है और हर ओर खुशियां छाई होती हैं। इंदौर में, रंग पंचमी मनाई जाती है, जहां संगीत और डांस के साथ भव्य शोभायात्रायें निकलती हैं। इस बार घर से दूर होने की वजह से मुझे उन सबकी बहुत याद आयेगी। लेकिन त्योहार के आनंद को बनाये रखने के लिये, मैं नमकीन और मालपुआ बनाऊंगी, जैसा हम घर पर करते थे। इसके साथ ही मैं यहां पर पारंपरिक रूप से होली दहन की पूजा भी करूंगी, ताकि मेरे शहर की होली का अहसास मेरे साथ बना रहे, फिर चाहे मैं जहां भी रहूं। मेरे लिये होली सिर्फ एक त्योहार नहीं है, बल्कि एक अहसास भी है। यह परंपरा और खूबसूरत यादों का एक खूबसूरत मेल है।''

RKM म्यूजिकल ने समा बाँधा फिल्मी सितारों की महफ़िल में

रायपुर.. छत्तीसगढ़ी फिल्मी सितारों की होली मिलन समारोह रंग सरोवर होली मिलन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी फिल्मी सितारों का होली मिलन सिर्फ फिल्मी परिवार के सदस्यों के लिए और सिर्फ फिल्मी सितारों के द्वारा मनाया जाता है । इस बार होली मिलन सहाय फिल्म सिटी एंड स्टूडियो में 11 मार्च को संध्या 4:00 बजे से भव्य आयोजन प्रारंभ हुआ कार्यक्रम में झामाझम संगीत संध्या में आर केएम यूजिकल ग्रुप द्वारा होली के सदाबहार गीतों को एक से बढ़कर एक जबरदस्त प्रस्तुति दे कर लोगों को झूमने नाचने में मजबूर किया ,साथ ही साथ an Mahi OTT द्वारा आयोजित कंटेस मे RKM के सिंगरों ने विजेता के रूप मे वंदना ने ₹मोबाइल₹ एवं मोहम्मद वसीम ने ₹मिक्सी ₹उपहार जीते आयोजन में आए हुए फिल्मी

दुनिया के सभी निर्माता ,निर्देशक, कलाकारों ने RKM के सिंगरों की भरपूर तारीफ कर van's more Vans more कर बधाई सभी को बधाई भी दिया...

'वागले की दुनिया' में सखी का पीछा करने वाला शख्स साई दर्शन के होली उत्सव में पहुंचा

मुंबई, मार्च, 2025: सोनी सब के लोकप्रिय शो 'वागले की दुनिया – नई पीढ़ी, नए किस्से' में रोमांचक मोड़ आने वाले हैं। साईं दर्शन सोसाइटी होली के भव्य आयोजन की तैयारी कर रही है। सोसाइटी के सभी लोग एकजुट होकर दक्षेश (दीपक पारेख) की असफल जादू की ट्रिक ठीक करने में मदद करते हैं, और इस प्रक्रिया में असली जादूगर, जिसने मंत्रों की किताब लिखी थी, एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जादूगरों की लुप्त होती कला को फिर जीवंत करने से साईं दर्शन सोसाइटी में सबकुछ सामान्य लगता है... या शायद नहीं!

इस हफ्ते, वागले परिवार भरोसे और धोखे के जाल में फंसता नजर आएगा, जब सखी (चिन्मयी साल्वी) का पीछा करने वाला सुशांत (शिखर पटेल) अचानक वापसी करता है। वह दावा करता है कि अब वह बदल चुका है और खुद को साबित करने के लिए राधिका (भारती आचरेकर) को वापस लाता है, जो कुछ समय के लिए

लापता हो गई थीं। राजेश (सुमित राघवन), सुशांत की असली पहचान से अनजान, उसकी इस नेकदिली से प्रभावित होकर उसे खुले दिल से अपने घर में स्वीकार कर लेते हैं। दूसरी ओर सखी इस अप्रत्याशित घटनाक्रम से स्तब्ध रह जाती है, लेकिन वह सुशांत को दूसरा मौका देने का फैसला करती है और चुप रहती है। वहीं, विवान (नमित शाह) को सुशांत पर भरोसा नहीं होता और वह उसकी हर गतिविधि पर नजर रखता है। जैसे-जैसे होली का उत्साह चरम पर पहुंचता है, क्षमा और छिपे हुए इरादों के बीच की रेखा धुंधली होती जाती है। आखिरकार, सुशांत भेष बदलकर साईं दर्शन सोसाइटी के होली समारोह में घुसपैठ कर लेता है।

अब सवाल यह है कि क्या सखी का सुशांत पर भरोसा ठीक है, या वह एक खतरनाक गलती कर बैठी है? क्या विवान की आशंका सही साबित होगी? जब वागले परिवार को सच्चाई पता चलेगी, तो क्या होगा? राजेश वागले की भूमिका निभा रहे सुमित राघवन ने कहा, ₹राजेश ऐसा इंसान है, जो हमेशा दूसरों में अच्छाई देखने की कोशिश करता है। वह बहुत जल्दी किसी पर भरोसा कर लेता है, कभी-कभी तब भी जब उसे नहीं करना चाहिए। यह ट्रैक खासतौर पर दिलचस्प है, क्योंकि यह उसकी इसी आदत की परीक्षा लेता है। होली खुशी और रंगों का त्यौहार होता है, लेकिन वागले परिवार के लिए यह एक सस्पेंस से भरा मोड़ ले लेता है। राजेश एक ऐसे व्यक्ति को अपने घर में खुली बाहों से स्वीकार करता है, जिसे वह असल में जानता ही नहीं।

युवा मारुति के भगवान हनुमान में रुपांतरण की अद्भुत यात्रा

सोनी सब दर्शकों के लिए एक अद्भुत पौराणिक महाकाव्य 'वीर हनुमान' लेकर आ गया है, जो भगवान हनुमान की महागाथा को पहले कभी न देखे गए भव्य रूप में प्रस्तुत करेगा। यह वीरतापूर्ण कथा युवा मारुति के भगवान हनुमान में रूपांतरण की अद्भुत यात्रा को दर्शाती है, जिसमें वे आत्म-खोज के मार्ग पर चलते हुए अपने दिव्य उद्देश्य को अपनाते हैं। 'वीर हनुमान' का प्रीमियर 11 मार्च को हुआ है और हर सोमवार से शनिवार, रात 7:30 बजे सोनी सब पर प्रसारित किया जाएगा, जिसमें भगवान हनुमान से जुड़ी कई अनसुनी कहानियाँ जीवंत होंगी। शो में प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे आन तिवारी (युवा भगवान हनुमान), आरव चौधरी (केसरी), सायली सालुंखे (अंजनी माता) और माहिर पांधी (बालि व सुग्रीव के दोहरे किरदार में)। इस पौराणिक कथा के पहले हफ्ते में अंजनी माता भगवान हनुमान के जन्म की तैयारी कर रही होती हैं, तभी अचानक एक शक्तिशाली ज्वालामुखी फट पड़ता है। जैसे ही उबलता हुआ लावा उनकी ओर बढ़ता है, वह रहस्यमयी रूप से हवा में ठहर जाता है और तैरने लगता है—यह एक अवश्यंभावी संकेत होता है कि एक दिव्य आत्मा इस संसार में प्रवेश करने वाली है। पूरी किष्किंधा नगरी में उत्सव का माहौल छा जाता

है, लेकिन किसी को यह नहीं पता कि बालि के रूप में एक बड़ा खतरा उनके सामने मंडरा रहा है। इसी बीच, बालि को एक भयानक भविष्यवाणी सुनाई देती है कि कोई आने वाला है जो उसके शासन का अंत करेगा। यह सुनकर वह अजन्मे बालक को खत्म करने की योजना बनाता है। बालि अंजनी माता को विष देकर मारने की साजिश रचता है, लेकिन भाग्य की योजना कुछ और होती है। भगवान हनुमान, जो महादेव के अवतार हैं, माँ के गर्भ में ही उस ज़हर को अवशोषित कर लेते हैं और अपनी माता को बचा लेते हैं। हालांकि, स्वर्ग लोक से आई अंजनी माता को जल्द ही अपनी दिव्य जिम्मेदारी निभाने के लिए वापस बुला लिया जाता है। अब एक ओर उनका मातृत्व है और दूसरी ओर उनका देवत्व—वह अपने नवजात हनुमान को छोड़कर जाएं या उनकी रक्षा करें? इस कठिन परिस्थिति में अंजनी माता कैसे भगवान हनुमान को आने वाले खतरों से बचाएंगी?शो में अंजनी माता की भूमिका निभा रहीं सायली सालुंखे ने कहा, माँ बनने का अनुभव एक स्त्री के जीवन का सबसे गहरा अहसास होता है, लेकिन कल्पना कीजिए कि उसी क्षण उसे अपने बच्चे से दूर होने का आदेश मिल जाए। मेरा किरदार भावनात्मक रूप से बेहद गहरा है—अंजनी माता भगवान हनुमान को जन्म देने की खुशी महसूस करती हैं, लेकिन जल्द ही उन्हें उनसे बिछड़ने का दर्द सहना पड़ता है।

शानदार दृश्यों से लेकर दमदार कलाकारों तक

सोनी सब अपने आगामी भव्य पौराणिक शो 'वीर हनुमान' के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है! यह महागाथा भगवान हनुमान की अद्भुत कथा को पहले कभी न देखे गए अंदाज में प्रस्तुत करेगी। यह कहानी बाल मारुति के असाधारण रूप से पूजनीय भगवान हनुमान बनने की यात्रा को दर्शाती है, जिसमें वे आत्म-खोज की राह पर चलकर अपने दिव्य उद्देश्य को प्राप्त करते हैं। 11 मार्च से हर सोमवार से शनिवार, रात 7:30 बजे सोनी सब पर प्रसारित होने वाले इस शो को देखना बिल्कुल भी मिस नहीं करना चाहिए! और इसके 4 बड़े कारण ये हैं—

सभी पीढ़ियों के लिए है यह शो –चाहे आप पौराणिक कथाओं में रुचि रखने वाले बच्चे हों, अपने परिवार के लिए नैतिक मूल्यों वाली कहानियां खोज रहे माता-पिता हों, या कालजयी कहानियों को संजोने वाले दादा-दादी हों—'वीर हनुमान' सभी के लिए कुछ न कुछ खास लेकर आया है। यह शानदार दृश्यों और आध्यात्मिक गहराई से भरपूर शो न सिर्फ परिवारों को एक साथ जोड़ता है, बल्कि इसमें ज्ञान, मनोरंजन और भक्ति का अनूठा मिश्रण भी देखने को मिलेगा।

दमदार कलाकार और शानदार अभिनय–'वीर हनुमान' के कलाकार अपने

दमदार अभिनय कौशल के लिए पहचाने जाते हैं और यह टोली भगवान हनुमान की कम ज्ञात गाथा को जीवंत कर देगी। यह गाथा भगवान हनुमान के जुनून, गहराई और प्रामाणिक चरित्र सामने लाएगी। आन तिवारी बाल हनुमान की भूमिका में हैं, जो उनकी मासूमियत और शरारत को बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत करते हैं। आरव चौधरी ने हनुमान के महान पिता केसरी की भूमिका निभाई है। सायली सालुंखे अंजनी की भूमिका में नजर आएंगी, जो हनुमान की प्रेमपूर्ण और स्नेही माता हैं। माहिर पांधी ने बाली और सुग्रीव का डबल रोल निभाया है, जिसमें वे एक ओर बलशाली बाली तो दूसरी ओर बुद्धिमान सुग्रीव के रूप में दर्शकों को प्रभावित करेंगे। इस शो में भावनात्मक गहराई, जबरदस्त भक्ति और भव्य प्रदर्शन देखने को मिलेगा, जो निश्चित रूप से आपको अचंभित कर देगा।

अद्भुत दृश्य और प्रामाणिक वेशभूषा–किसी भी पौराणिक गाथा की भव्यता तब तक अधूरी रहती है जब तक उसमें अद्भुत दृश्य, बारीकी से डिजाइन किए गए सेट और भव्य परिधानों का समावेश न हो—और 'वीर हनुमान' इस मामले में किसी से पीछे नहीं है! इस पौराणिक शो का सेट मशहूर भारतीय फिल्म निर्देशक और प्रोडक्शन डिज़ाइनर ओमंग कुमार ने डिजाइन किया है, जो कलात्मक उत्कृष्टता और स्थायित्व का बेहतरीन उदाहरण है। करीब तीन महीनों की मेहनत के बाद किष्किंधा नगरी को जीवंत किया गया.

नई जंग की शुरुआत: सोनी सब के 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में दिलीप

सोनी सब का लोकप्रिय शो 'पुष्पा इम्पॉसिबल' दर्शकों को लगातार प्रेरित कर रहा है, जहां पुष्पा (करुणा पांडे) एक साहसी और निडर महिला के रूप में हर चुनौती का डटकर सामना करती है। हाल ही के एपिसोड्स में, दर्शकों ने एक बड़ा मोड़ देखा, जब पुष्पा के शादी के प्रस्ताव को ठुकराने से आहत होकर दिलीप पटेल (जयेश मोरे) चॉल छोड़ने का फैसला करता है। हालांकि, एक रोमांचक मोड़ में पुष्पा उसे ढूंढकर वापस लौटने के लिए मना लेती है।

आने वाले एपिसोड्स में, दर्शकों को भावनाओं से भरा सफर देखने को मिलेगा। दिलीप को तबाह कर देने वाली खबर मिलती है कि वह कैंसर से ग्रस्त है। अपने जीवन के सीमित समय को स्वीकार करते हुए, वह पुष्पा के लिए एक प्रॉपर्टी खरीदने का एक बड़ा निर्णय लेता है, जिससे उसका अपना स्कूल बनाने का सपना पूरा हो सके। दूसरी ओर इन भावुक पलों के बीच एक खतरनाक साजिश भी रची जा रही है, जब मिस्टर कोटक (कृणाल पंडित) होली के रंगों में मिलावट करके स्कूल के बच्चों को नुकसान पहुंचाने की योजना बना रहा है। 'पुष्पा' की भूमिका निभा रहीं करुणा पांडे ने कहा, ₹एक कलाकार के तौर पर पुष्पा की यात्रा को निभाना हमेशा मेरे लिए एक भावनात्मक अनुभव रहा है। पुष्पा ने कई चुनौतियों का सामना किया है, लेकिन दिलीप के इरादों और उसके कैंसर की सच्चाई को जानना उसके लिए सबसे बड़ा झटका होगा। यह कहानी भावनाओं से भरी होगी, जिसमें दर्शकों को गलतफहमियों, गुस्से और अंततः एक गहरी समझ से रूबरू होने का मौका मिलेगा। यह शो इंसानी रिश्तों और दूसरी मौका देने की जटिलताओं को खूबसूरती से दर्शाता है।

इस हफ्ते होगा ढेर सारा मनोरंजन

एण्डटीवी के दर्शकों के लिए यह हफ्ता जबरदस्त मनोरंजन से भरपूर होने वाला है! 'भीमा,' 'हप्पू की उलटन पलटन,' और 'भाबीजी घर पर हैं' के नए एपिसोड्स रोमांच और उत्साह को एक नए स्तर पर ले जायेंगे। 'भीमा' की आगामी कहानी के बारे में बात करते हुए, स्मिता सेबल जोकि धनिया की भूमिका निभा रही हैं, ने कहा, ''विशंभर (विक्रम द्विवेदी) मंदिर में मीरा से शादी कर लेता है, लेकिन कैलाशा बुआ (नीता मोहिंद्रा) और कालिका सिंह (मयंक

मिश्रा) उसे स्वीकार करने से इनकार कर देते हैं। जब वे दोनों उन्हें रिश्वत देकर गाँव छोड़ने के लिए मजबूर करने की कोशिश करते हैं, तो विशंभर पलटवार करते हुए बड़ी धूमधाम से शादी का ऐलान कर देता है। यह सुनकर गुस्साए कालिका सिंह उसकी हत्या की धमकी देता है, लेकिन कैलाशा बुआ उसे रोकते हुए कहती है कि वह उनकी ज़िंदगी को जहन्नुम बना देगी। इस बीच, भीमा (तेजस्विनी सिंह) समाज के ताने-बाने के खिलाफ मजबूती से खड़ी होती है और डॉ. अंबेडकर की सीख से प्रेरित होकर ऊंच-नीच के भेदभाव का सामना करती है। शादी के दौरान धर्मशीला और पिंकी मीरा को आलता रस्म में नुकसान पहुंचाने की कोशिश करती हैं, लेकिन भीमा उनकी साजिश का पर्दाफाश कर देती है। क्रूरता का विरोध करते हुए, विशंभर कांच पर चलकर अपनी ताकत दिखाता है। इसी दौरान, फुलमतिया, धनिया को परिवार में फूट डालने के लिए जिम्मेदार ठहराती है और गया घर के बंटवारे की पुष्टि करता है। धनिया इस बंटवारे को रोकने की पूरी कोशिश करती है, लेकिन बाबासाहेब अंबेडकर से प्रेरणा लेते हुए भीमा इसे गरिमा के साथ स्वीकार करती है।

एक्टिंग के जुनून ने जब सलीम ज़ैदी को पहुंचाया मौत के करीब

एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' में पिछले एक दशक से टिल्लू का किरदार निभा रहे सलीम ज़ैदी अपने मज़ेदार वन-लाइनर्स और खास अंदाज़ की वजह से दर्शकों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं। लेकिन इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, संघर्ष और एक ऐसा वाकया छिपा है, जिसने उनकी जान तक को जोखिम में डाल दिया था। अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए सलीम ज़ैदी उर्फ टिल्लू बताते हैं, ''हर स्ट्रगलिंग एक्टर की तरह मुझे भी कई रिजेक्शन झेलने पड़े। मैंने रेडियो जॉकी के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया, लेकिन मन हमेशा एक्टिंग में ही था। मुंबई आया तो बड़े सपने थे, लेकिन ऑडिशन और असफलताओं का सिलसिला चलता रहा। छोटे-मोटे रोल किए, फिल्मों में भी काम मिला, लेकिन आर्थिक अनिश्चितता बनी रही। फिर भी, एक्टिंग का जुनून कभी कम नहीं हुआ। एक दिन मैं रेलवे प्लेटफॉर्म पर चलते हुए अपने डायलॉग्स का रिहर्सल कर रहा था। मैं किरदार में इतना डूबा हुआ था कि पीछे से आ रही ट्रेन का ध्यान ही नहीं रहा। तभी एक बुजुर्ग ने जोर से आवाज लगाई,

और मैं ऐन वक्त पर पटरी से हट गया। वो पल डरावना था, लेकिन उसी ने मुझे यकीन दिलाया कि मेरी किस्मत में कुछ बड़ा लिखा है।'' आखिरकार, सलीम ज़ैदी की मेहनत रंग लाई, जब मशहूर कास्टिंग डायरेक्टर राजन वाघधरे ने उन्हें निर्देशक शशांक बाली से मिलवाया और टिल्लू के किरदार के लिए सिफारिश की। सलीम ज़ैदी मुस्कुराते हुए कहते हैं, ''आज पीछे मुड़कर देखता हूं, तो लगता है कि हर रिजेक्शन, हर संघर्ष और यहां तक कि वो डरावना पल भी बेकार नहीं गया। आज लोग मेरे काम को पहचानते हैं, सराहते हैं, और यही सबसे बड़ी जीत है।''

एक नजर

शिविर में बीमारियों का इलाज किया

जगदलपुर, 16 मार्च। जगदलपुर दिनांक 12 3.2025 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के निर्देशानुसार सुबह 10 बजे से धरमपुर नंबर 1 अटल बिहारी वाजपेई और कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजित किया गया जिसमें सामान्य सर्दी, खांसी, बुखार त्वचा संबंधी बीमारी, खुजली बीपी, शुगर, अन्य सभी बीमारियों का जाँच और उपचार किया गया । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बशाक ने शिविर का जायजा लिया और बताया कि आउटरीच कैंप पहुंच विहीन और झुग्गी झोपड़ी वाले बस्ती में उनके बीच जाकर उन्हें स्वास्थ्य लाभ देने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें मेडिकल कॉलेज डीमरापाल के वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सक डॉक्टर के. एम. गुप्ता एम. डी. मेडिसिन के अलावा शहर में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों से डॉ. बेवीन सुनील चाको,डॉ. मोमीता बसाक, डॉ. अंकिता पांडे, डॉ रेखा चौहान, और अन्य स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है इस मौके पर सी.एम.एच.ओ. के साथ नोडल पी.एन.डी.पी. डॉ. श्रेयांश वर्धन जैन, डी.पी.एम. डॉ. रीना लक्ष्मी, जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद शकील खान, महेंद्र पांडे इस शिवीर में 187 मरीजों का पंजीयन किया गया जिसमे 93 मरीजों का बी.पी. जांच किया गया जिसमे 27 उच्च रक्तचाप के मरीज़ मिले, 93 लोगो का शुगर जाँच किया गया जिसमे 33 मधुमेह के,लकवा के 4,गठिया वात के 18, कंधा व गर्दन दर्द के कुष्ठ के 1,कमजोरी के 11, नेत्र जाँच 27 लोगो का किया गया जिसमे से 3 लोगो को मोतियाबिन्द ऑपरेशन हेतु चिन्हान्कित किय गया, और 11 लोगो को चश्मा वितरित किया गया, 41 लोगो का हीमोग्लोबिन जाँच किया गया, 62 लोगों का शिकल शेल, 14 मलेरिया जाँच के साथ 07 गर्भवती माताओं और 09 शिशुवती माताओं, और समान्य सर्दी, खासी, बुखार के अलावा अन्य मरीजों का लक्षण के आधार पर उपचार दिया गया इस शिविर मे कुशाभाऊ ठाकरे वॉर्ड के पार्षद पूनम सिन्हा और अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड के पार्षद बसंती समरथ ने इस शिविर को सफल बनाने मे अहम भूमिका निभाई वार्ड के लोगों को प्रोत्साहित कर शिविर का लाभ दिलाया इस शिविर में डाक्टरों के अलावा नेत्र चिकित्सा अधिकारी जयंत देशमुख, सुपरवाइजर नरेश मरकाम, प्रशांत श्रीवास्तव स्टाफ नर्स सुमन मौर्य फार्मासिस्ट युवराज लैब टेक्नीशियन दिनेश सलाम ए. एन. एम. तामेश्वरी मरावी संगीता राय अनुषा सिंह एम.पी.डब्ल्यू शैलेंद्र सिंह और मोहन कश्यप, बंसीलाल सेठिया, संदीप गोलधर के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिनो के अलावा अधिक संख्या में वार्ड वासी उपस्थित थे।

सुकमा में नक्सलियों का राशन सप्लायर गिरफ्तार, माओवादियों को बड़ा झटका

सुकमा। बस्तर में सुरक्षा बलों का एक्शन तेजी से चल रहा है. कई मोर्चों पर फोर्स को कामयाबी मिल रही है. अब नक्सलियों की खाद्य सप्लाई चेन को पुलिस ने क्रैक किया है. सुकमा पुलिस ने माओवादियों के राशन सप्लायर को गिरफ्तार किया है. माओवादियों को राशन देने वाले एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता और एक अन्य नक्सली को सुकमा पुलिस के जवानों ने अरेस्ट किया है.नक्सलियों का राशन सप्लायर अरेस्ट- सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि सुरक्षाबलों को गुरुवार को यह कामयाबी मिली. जगरगुंडा के कुंदेड़ गांव में जंगल के पास से फोर्स ने नक्सली मुचाकी सुरेश और पुनेम हिड़मा को गिरफ्तार किया है. मुचाकी सुरेश की उम्र 28 साल है जबकि पुनेम हिड़मा की उम्र 25 साल है. दोनों की गिरफ्तारी उस समय हुई जब सीआरपीएफ 165वीं बटालियन और सुकमा जिला बल की टीम ज्वाइंट सर्च ऑपरेशन पर निकले थे.

सरपंच के नेतृत्व में 50 से अधिक युवाओं ने सांसद के समक्ष थामा भाजपा का दामन

■ बस्तर सांसद महेश कश्यप ने युवाओं को गमछा पहनाकर कराया भाजपा प्रवेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 16 मार्च। भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर आज 50 से अधिक की संख्या में बस्तर सांसद महेश कश्यप के समक्ष उनके निवास में बोरपदर के युवा भाजपा में शामिल हुए । बोरपदर के सरपंच रामसिंह कश्यप के नेतृत्व में सांसद निवास पहुँचे युवाओं को गमछा पहनाकर मिठाई खिलाकर बस्तर सांसद ने भाजपा प्रवेश कराया।

इस दौरान बस्तर सांसद श्री कश्यप ने कहा की मै सभी साथियों का भाजपा में स्वागत करता हूं। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, भाजपा पार्टी में लोकतंत्र है। कार्यकर्ता अपनी योग्यता के अनुसार बड़े-बड़े पदों पर जाते है। भाजपा में एक छोटा सा कार्यकर्ता आज प्रधानमंत्री - मुख्यमंत्री - सांसद - विधायक के पद पर है, तो यह इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।सांसद ने कहा कि नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे बड़े नेता है, सबसे अधिक लोकप्रिय है। मोदी जी के कारण भारत पूरे विश्व देश का डंका बज रहा है।मोदी जी ने नेतृत्व में देश में सबका विकास हो रहा है हर तरफ खुशहाली है। पिछले 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस के भ्रष्टाचार से बहुत दुखी रही। जनता ने प्रचंड मतो से भाजपा को सेवा का अवसर दिया है और आते ही भाजपा सरकार ने 2 महीना के अंदर ही मोदी जी की गारंटी को पूरा करने का काम शुरू कर दिया है। पहली कैबिनेट में 18 लाख आवास, 2 साल बकाया बोनस, महतारी वंदन योजना, राम लला के दर्शन की योजना, पीएससी घोटाले कि सीबीआई जांच, 3100 रु में 21 क्विंटल धान की खरीदी ये सभी निर्णय केवल 2 महीने में ले लिए गए।भाजपा की नीति राष्ट्र सर्वोपरि की नीति है। हमारे प्रधानमंत्री 24 घंटे में 20 घंटे कार्य कर देश को विकसित बनाने के मिशन के लगे है। पिछले 10 वर्षों में मोदी जी के प्रयासों से यह लगता है भारत फिर से विश्व गुरु बनेगा।सांसद ने ग्रामीणों को होली की शुभकामनाएं देते हुए भाजपा प्रवेश हेतु उन सभी को धन्यवाद ज्ञापित भी किया इस दौरान चित्रकोट विधायक श्री विनायक गोयल,सर्गीपाल भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री पुरषोतम जोशी सहित अधिक संख्या में भाजपा सदस्य व कार्यकर्ता मौजूद थे।

बलीराम की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 16 मार्च। पूर्व सांसद ब्रह्मलीन बलीराम कश्यप के जन्मतिथि पर आज शहर के पावर हाउस चौक के पास स्थित बलीराम कश्यप के प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, महापौर संजय पाण्डे, निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, पूर्व महापौर सफिरा साहू सहित समस्त पार्षदगण, पूर्व पार्षद, पार्टी के कार्यकर्ता इसमें सम्मिलित हुए। बलीराम कश्यप के छाया चित्र पर दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सभी ने एक एक कर उनके छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। संगोष्ठी में लोगों ने पूर्व सांसद बलीराम कश्यप के जीवन परिचय पर विस्तृत से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में त्रिवेणी रंधारी, सुधा मिश्रा, रंजिता पाणिग्रही, उमा मिश्रा, प्रमिला कपूर, रोशन सिसोदिया, योगेंद्र पांडे, श्रीनिवास मिश्रा, शक्ति सिंह चौहान, आनंद मोहन मिश्रा, रजनीश पाणिग्रही, मनीष पारख, कौशिक शुक्ला, रंजीत पांडे, योगेंद्र कौशिक, लक्षण झा, पंकज आचार्य, शशि नाथ पाठक, गोविंद ईनाणी, प्रकाश झा, राकेश तिवारी, अनिल लुक्कड़, रोशन झा, संजय उपाध्याय, अमर झा, अतुल सिम्हा, परेश ताटी, सूरज श्रीवास्तव, अमर यदु, मनोज ठाकुर,ममता राणा, गीता नाग, किरण सेन, रानी चेरपा, बिजली, अनीता श्रीवास्तव, लक्ष्मी कश्यप सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

10 मार्च को बलीराम के पुण्यतिथि व 11 मार्च को जन्मतिथि के मौके पर हर साल विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस वर्ष बलीराम की स्मृति में निवास स्थान फरसागुड़ा (भानपुरी) में 2 दिवसीय श्री हरि कथा संकीर्तन का आयोजन किया गया जिसका समापन आज शाम को 5 बजे किया जाएगा। कश्यप परिवार द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में पूरे संभाग से लोग पहुंचे।।रामायण मंडली और सत्संग समिति द्वारा जीवंत प्रस्तुति का भी लोगों ने आनंद लिया। जगदलपुर सहित फरसागुड़ा में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में भाजपा के दिग्गज नेता भी पहुंचे और दादा को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

गीदम नपं अध्यक्ष व पार्षद ने किया वार्ड भ्रमण, लोगों की सुनी समस्याएं

गीदम, 16 मार्च। बुधवार को गीदम नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना एवं पार्षद सूरज सिंह ठाकुर के द्वारा वार्ड क्रमांक 08 एवं 09 का भ्रमण किया गया। वार्ड में मूलभूत समस्या पीने का पानी, नाली की निकासी, बोर, लाइट जैसे समस्याओं को समझा एवं उसके निदान करने का प्रयास किया गया। वर्षों से अधूरी, अपूर्ण नाली को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कई स्थानों पर वार्डवासियों के द्वारा बताया गया कि भूमि के कारण अधूरे नाली को पूरा करने में समस्या आ रही थी। जिसे ध्यान में रखते हुए तहसीलदार से फोन में बात कर उस समस्या का समाधान निकाला गया। निरीक्षण के दौरान पेय जल की समस्या को तत्काल निदान करने हेतु इंजीनियर को निर्देशित किए। वार्ड भ्रमण में वार्डवासियों की समस्या को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु आश्वस्त किए। इस त्वरित कार्यवाही के लिए वार्डवासियों ने भी अध्यक्ष एवं पार्षद का धन्यवाद किया। वार्ड भ्रमण के दौरान मुख्य रूप से नगर पंचायत के इंजीनियर, पूर्व पार्षद शोएब रिजवी, हरि, रमन, फंडे एवं वार्डवासी उपस्थित रहें।।

शहीद दिवस पर रक्तदान महाअभियान का आयोजन

सुकमा,16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शहीद-ए-आज़म भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस की 94वीं वर्षगांठ पर शबरी जन सेवा ट्रस्ट द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य रक्तदान के माध्यम से समाज में जागरूकता लाना और जरूरतमंदों की सहायता करना है।

रक्तदान शिविर का विवरण:- शबरी जन सेवा ट्रस्ट के संयोजक जसराज जैन रक्तमित्र (स्वतंत्र विचारक, समाजसेवी) ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा, रक्तदान करना मानवीय सेवा का सबसे बड़ा कार्य है, जो न केवल किसी जरूरतमंद का जीवन बचा सकता है बल्कि हमारे शहीदों के बलिदान को भी सार्थक बनाता है।÷शहादत दिवस शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को शबरी जन सेवा ट्रस्ट की ओर से डिजिटल सम्मान पत्र प्रदान किया जाएगा।

नियद नेल्ला नार ग्राम टेकलगुड़ियम में पहली बार जले बल्ब तो ग्रामीणों ने खुशी जताई

बीजापुर,9 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशन में छत्तीसगढ़ के दूरस्थ और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। शासन-प्रशासन के निरंतर प्रयासों से अब वे गांव भी रोशन हो रहे हैं, जो आजादी के बाद से अंधेरे में थे। इसी कड़ी में आकांक्षी विकासखंड कोंटा स्थित पूर्वती कैंप अंतर्गत नियद नेल्ला नार ग्राम पंचायत पेंटाचिमली के ग्राम टेकलगुड़ियम में पहली बार बिजली पहुंची है। गांव के 75 घरों में बिजली का कनेक्शन दिया गया है, जिससे वहां के निवासियों के जीवन में नई रोशनी आई है।

पहली बार जले बल्ब, ग्रामीणों की आंखों में खुशी-वर्षों से बुनियादी सुविधाओं से वंचित टेकलगुड़ियम के लोगों के लिए यह ऐतिहासिक क्षण रहा। जब गांव में पहली बार बिजली के बल्ब जले तो ग्रामीणों की आंखों में खुशी झलक उठी। शासन द्वारा चलाई जा रही नियद नेल्लानार योजना के तहत इस क्षेत्र में विद्युतीकरण कार्य पूरा किया गया, जिससे अब यहां के लोगों का जीवन और आसान हो सकेगा।

शिक्षा और विकास को मिलेगी गति-बिजली की सुविधा मिलने से गांव में अब कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। बच्चों की पढ़ाई अब पहले से बेहतर हो सकेगी, क्योंकि अब वे रात में भी रोशनी में अध्ययन कर सकेंगे। इसके अलावा छोटे स्तर पर व्यापार और उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा। बिजली आने से डिजिटल सेवाओं का विस्तार होगा, जिससे गांव के लोग सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से उठा सकेंगे।

शासन की योजनाओं से संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ रहा विकास- छत्तीसगढ़ सरकार दूरस्थ और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य कर रही है। बिजली के अलावा सड़क, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इस पहल से यह साबित हो रहा है कि विकास सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण और संवेदनशील इलाकों को भी इसका पूरा लाभ दिया जा रहा है।टेकलगुड़ियम के ग्रामीणों का कहना है कि अब वे भी विकास की मुख्यधारा में शामिल हो सकेंगे। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने भी आश्वासन दिया कि आने वाले समय में अन्य जरूरी सुविधाएं भी गांव में मुहैया कराई जाएंगी। इस महत्वपूर्ण परियोजना के सफल क्रियान्वयन में विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री जेकेरकेट्टा एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। उन्होंने गांव तक बिजली पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता और मेहनत से कार्य किया।

नानगुर मण्डल के सैकड़ों समर्थकों के साथ सांसद महेश कश्यप ने खेली होली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 16 मार्च। पूरे देश में होली के त्योहार को ले कर उत्साह देखा जा रहा है । वहीं जगदलपुर स्थित बस्तर सांसद महेश कश्यप ने अपने सरकारी आवास में बजरंगी कार्यकर्ता सहित अपने समर्थकों व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गुलाल और फूलों से होली खेली। सैकड़ो की संख्या में नानगुर मण्डल के पहुँचे कार्यकर्ताओं ने बस्तर सांसद को रंग गुलाल लगाया।इस दौरान बस्तर सांसद ने कहा इस बार की होली दोहरी खुशी लेकर आया है। छत्तीसगढ़ में जनता ने दिल खोलकर भाजपा को अपना समर्थन दिया है। छत्तीसगढ़ में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से यह होली और भी रंग बिरंगा हो गया है।इस दौरान बस्तर सांसद के साथ कार्यकर्ता और समर्थक भी होली की मस्ती में झूमते नजर आये. होली का जश्न शाम तक आवास में चलता रहा। बस्तर सांसद महेश कश्यप ने लोगों को हाथ जोड़कर राम राम किए। गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई भी दी. होली के मौके पर उन्होंने ने होली आई रे.. फगन री मस्ती छाई भाई रे... कि होली आई रे गीत भी गाया. बस्तर सांसद के अलग अंदाज को देखकर समर्थकों ,कार्यकर्ताओं में खुशियों का संचार हो गया।

बस्तर सांसद ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं प्रेषित कीबस्तर सांसद महेश कश्यप ने समस्त प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं। श्री कश्यप ने कहा कि भारतीय संस्कृति में त्योहारों की महिमा अदभुत है।ये हमारे जीवन को उत्साह, उमंग, उत्सव एवं खुशियों से भर देते हैं। होली का त्यौहार इस बात का प्रमाण है कि अन्याय और असत्य में कितना भी आत्मविश्वास क्यों न हो, सत्य और भक्ति की होलिका में भस्म हो जाते हैं। रंगों का यह पर्व हमें अधर्म, असत्य व अन्याय जैसी नकारात्मक प्रवृत्तियों से लड़ने की प्रेरणा देता है। होली बड़े-छोटे, ऊंच-नीच का भेद भी मिटाता है। मंत्री नंदी ने कहा कि होली पर्व सभी को प्रेम के रंग में सराबोर कर देता है। इस त्योहार पर भाईचारा और सौहार्द्र और मजबूत होता है। रंगों के इस महापर्व पर हर किसी के जीवन में खुशियों के रंग बिखरें, इसके लिए हम सब को मिलकर प्रयास करना होगा

घोर माओवाद प्रभावित क्षेत्र लखापाल में लगेगा जनसुविधा शिविर

बीजापुर,9 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मार्गदर्शन में नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत चयनित ग्रामों एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने हेतु सुविधा शिविर का आयोजन किया जाएगा। दूरस्थ वनांचल में शिविर के सफल क्रियान्वयन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) कोन्टा, को नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कोन्टा, जिला सुकमा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्ति किया गया है। शिविर में योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं संबंधित विभाग प्रमुख स्वयं करेंगे। शिविर का आयोजन 16 से 19 मार्च तक कोंटा विकासखंड के लखापाल में किया जाएगा जिसमें ग्राम लखापाल, केरलापेंदा, नागारास, मोरपल्ली, क्रिस्टाराम के ग्रामीण अपनी समस्याओं के निराकरण और शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए भाग ले सकेंगे। इन सुविधाओं का मिलेगा लाभ-शिविर के माध्यम से आधार कार्ड संबंधित समस्त सुविधाएं, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, नवीन ड्राइविंग लाइसेंस, आयुष्मान कार्ड, सभी प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं, नरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, राजस्व संबंधित सुविधाएं तथा अन्य सभी प्रकार की शासकीय योजनाओं का लाभ शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को प्रदान किया जाएगा।

नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

चारामा,16 मार्च। बस्तर संभाग के प्रवेश द्वार कहे जाने वाले चारामा नगर पंचायत में शनिवार 15 मार्च को नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। नगरीय निर्वाचन 2025 के तहत हुए चुनाव के परिणाम 15 फरवरी को आने के 28 दिनों के बाद आज नगर पंचायत चारामा में नव निर्वाचित नगर पंचातय अध्यक्ष एवं पार्षदगणों का शपथ ग्रहण कराया गया। नगर के समता रंगमंच परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में अनुविभागीय अधिकारी नरेन्द्र बंजारा ने सबसे पहले नवनियुक्त अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज को उनके पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी उसके पश्चात् सभी नव नियुक्त पार्षदगणों को बारी-बारी से उनके पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी जिसमें वार्ड क्र.-1 से श्रीमती कविता साहू, वार्ड क्र.-2 से श्रीमती गितेश्वरी सोनकर, वार्ड क्र.-3 से श्रीमती रजनी यादव, वार्ड क्र.-4 से जगदीश साहू, वार्ड क्र.-5 से श्रीमती तुलसी कुंजाम, वार्ड क्र.-6 से लोकेश सोनकर, वार्ड क्र.-7 से श्रीमती मंजु सोनकर, वार्ड क्र.-8 से संतोष ओझा, वार्ड क्र.-9 से संदीप मेश्राम, वार्ड क्र.-10 से श्रीमती टिकेश्वरी देवांगन, वार्ड क्र.-11 से रानु कमलेश सेन, वार्ड क्र.-12 से अशोक सोनी, वार्ड क्र.-13 से उत्तम साहू, वार्ड क्र.-14 से श्रीमती मंजू सोनकर एवं वार्ड क्र.-15 से लोकेश नागवंशी ने शपथ ग्रहण किया। इसके बाद नगर पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में शाम के 4 बजे नगर पंचायत के उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया होने के बाद उपाध्यक्ष पद के लिए श्रीमती अंजू धर्मेन्द्र सोनकर के नाम की घोषणा की गई। भाजपा के श्रीमती अंजू सोनकर ने कांग्रेस के श्रीमती मंजू सोनकर को 9-6 से हराकर उपाध्यक्ष के पद पर कब्जा किया वहीं 1 वोट निरस्त माना गया। शपथ ग्रहण समारोह एवं उपाध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया में सुरक्षा के दृष्टि से पुलिस बल तैनात किये गये थें। हालांकि पूरा कार्यक्रम शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक भानुप्रतापपुर श्रीमती सावित्री मंडावी, विधायक अंतागढ विक्रम उसेंडी के साथ स्थानीय नेतागण एवं तहसीलदार सत्येन्द्र शुक्ल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी चारामा सहित नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी सहित बडी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

जिला पंचायत अध्यक्ष विभिन्न गांवों में फाग महोत्सव में शामिल हुई

छुरिया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मगर धोकरा , कोड़ों, तेलंगाना, पदगुडा, एवं बोईडीह साल्हे जैसे विभिन्न गांवों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। ग्राम वासियों के द्वारा प्रथम बार जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित होने के पश्चात कार्यक्रम में शामिल होने के अवसर पर फूल माला गुलाल से नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव का अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया गया। श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने ग्राम वासियों को रंगों के महापर्व होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि हमारी पौराणिक कथाओं में फाग में होली खेलने तथा प्रकृति की सुंदरता और राधा-कृष्ण के प्रेम का वर्णन है।

214-वाहिनी सीआरपीएफ के 15वें स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम रही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दुगौली, बीजापुर, 16 मार्च। 214 वीं वाहिनी के.रि.पु.बल दुगौली, बीजापुर कैम्प में वाहिनी का 15वाँ स्थापना दिवस श्री के.डी. जोशी, कमाण्डेन्ट के मार्गदर्शन में दिनांक- 15/03/2025 को मनाया गया। इस विशेष समारोह में विभिन कार्यकम शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि, सैनिक सम्मेलन, खेल प्रतियोगिताएं एंव मेस में बड़े खाने का आयोजन किया गया। श्री के.डी.जोशी, कमांडेंट ने क्वार्टर गार्ड पर सेरिमोनियल गार्ड की सलामी ली तथा शहीद स्मारक पर पुष्प चक अर्पित कर देश की सुरक्षा में शहीद हुये जवानों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा विशेष सैनिक सम्मेलन कर सभी उपस्थित अधिकारियों व जवानों को सम्बोधित किया, तत्पश्चात सांस्कृतिक संध्या में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बल के सदस्यों ने हिस्सा लिया और शानदार प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि श्री देवेन्द्र सिंह नेगी, पुलिस उपमहानिरीक्षक परिचालन रेंज बीजापुर उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डा. जितेन्द्र कुमार यादव, आई.पी.एस. सी.आर.पी.एफ. बीजापुर के बटालियन विभिन्न कमाण्डेन्ट, बटालियन अधिकारी गण, सिविल प्रशासन के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। वाहिनी स्थापना दिवस के सांस्कृतिक संध्या पर मुख्य अतिथि श्री देवेन्द्र सिंह नेगी, पुलिस उपमहानिरीक्षक परिचालन रेन्ज बीजापुर ने संबोधित करते हुये वाहिनी के जवानों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर यूनिट के अधिकारी श्री विवेक कुमार, द्वितीय कमान अधि0, डॉ0 स्रोत गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (ओ0जी0), श्री सन्दीप कुमार शर्मा, उप कमाण्डेन्ट एवं 214 बटालियन सी आर.पी.एफ के अन्य अधिकारी एंव अधीनस्थ अधिकारी व अन्य रैंक के कार्मिक मौजूद रहे।

गीदम मुख्य मार्ग किनारे आधी रात कार जल गई , असामाजिक तत्वों की करतूत

गीदम, 16 मार्च। गीदम के पुराने अस्पताल परिसर के पास खड़ी होंडा सिटी कार बीती आधी रात जलकर खाक हो गई। यह घटना कैसे हुई फिलहाल स्पष्ट नहीं कहा जा सकता है लेकिन असामाजिक तत्वों पर इस घटना को अंजाम देने की आशंका जताई जा रही है । मिली जानकारी अनुसार वाहन क्रमांक सीजी 04 डी एल 8877 वाहन रोज की तरह शनिवार रात भी वाहन मालिक सन्तोष कुमार मिश्रा के घर के पास पुराने अस्पताल परिसर के बगल में खड़ी थी वही आधी रात वाहन जलकर खाक हो गई । गीदम थाना क्षेत्र में मुख्य मार्ग किनारे हुई इस घटना से नगर में अन्य वाहन मालिकों में भी अब भय का माहौल बना हुआ है । इधर लोग पुलिस के रात्रि गश्त पर भी सवाल उठाने लगे है ।

बस्तर विधायक ग्राम पंचायत भोंड में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन एवं होली मिलन समारोह में शामिल हुए

जगदलपुर, 16 मार्च।बस्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री लखेश्वर बघेल के नेतृत्व में ग्राम पंचायत भोंड में नवनिर्वाचित पंच, सरपंच, जनपद सदस्यों की प्रथम बैठक एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्वागत, उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों पर विचार-विमर्श तथा आपसी सौहार्द और विकास पर चर्चा करना थानवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान इस अवसर पर नए पंच, सरपंच एवं जनपद सदस्यों का सम्मान किया गया और उन्हें ग्राम पंचायतों के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गयाहोली मिलन समारोह रंगों और उल्लास के इस पर्व में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने आपसी सद्भाव और भाईचारे का संदेश दियाविधायक श्री बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका गांवों के समुचित विकास और शासन की योजनाओं को ज़मीनी स्तर तक पहुंचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से आग्रह हैं कि वे ग्राम विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और जनता की समस्याओं को दूर करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंउन्होंने यह भी बताया कि सरकार पंचायतों को और सशक्त बनाने के लिए नई योजनाएं लागू कर रही है।

एक नजर

गर्मी में पानी की समस्या के निदान के लिए जिला पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन

रायगढ़, 16 मार्च। ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण एवं सुचारू रूप से संचालन/संधारण हेतु जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का दूरभाष नंबर 07762-222972 है। यह प्रकोष्ठ 30 जून 2025 तक के लिए प्रभावी रहेगा।

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार उप अभियंता श्री गीतेन्द्र पटेल मोबा.नं. 94061-55333 को नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह सहायक मानचित्रकार श्री आर.के.खलखो मोबा.नं.88393-90621 एवं स्थल सहायक श्री दिलीप साहू मोबा.नं.97136-25981 को नियंत्रण प्रकोष्ठ सहायक बनाया गया है। प्रकोष्ठ में पेयजल समस्या के निराकरण से संबंधित डाक एवं पत्राचार प्रकोष्ठ प्रभारी द्वारा किया जाएगा। प्रकोष्ठ प्रात÷8 बजे से रात्रि 8 बजे तक कार्य करेगी। जिला स्तर पर खण्ड कार्यालय रायगढ़ एवं प्रत्येक उपखंड मुख्यालय तथा विकासखण्ड स्तर पर समस्त जनपद पंचायत मुख्यालय में शिकायत पंजी संधारित की जाएगी। शिकायत/सुझाव उक्त स्थलों पर दर्ज किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त टॉल फ्री नंबर 18002330008 में भी शिकायत/ सुझाव दर्ज किए जा सकेंगे।उपखण्ड स्तर पर भी अधिकारी-कर्मचारी पेयजल प्रकोष्ठ के तहत 30 जून तक के लिए अपने आवंटित कार्य के अतिरिक्त पेयजल प्रकोष्ठ से संबंधित कार्य करेंगे। इनमें उपखंड कार्यालय रायगढ़ श्री कमल प्रसाद कंवर-सहायक अभियंता, मोबा.नं.93401-25207, विकासखण्ड रायगढ़ प्रभारी श्रीमती आरती साव-उपअभियंता मोबा.नं.82230-63440, विकासखण्ड पुसौर प्रभारी श्री गीतेन्द्र पटेल-उप अभियता मोबा.नं.94061-55333 पेयजल प्रकोष्ठ से संबंधित कार्य करेंगे। इसी तरह उपखंड कार्यालय घरघोड़ा श्री परिमल तिवारी-सहायक अभियंता मोबा.नं.88783-59171, विकासखण्ड घरघोड़ा प्रभारी श्रीमती वर्षा महंत-उप अभियता मोबा.नं.9340725002, विकासखण्ड तमनार प्रभारी श्रीमती संध्या चतुर्वेदानी-उप अभियंता मोबा.नं.8349950218 तथा विकासखण्ड लैलूंगा प्रभारी जी.एस.चौहान-उपअभियंता मोबा.नं.94241-87875, उप खण्ड कार्यालय खरसिया श्री श्रीराम नरनावरे-सहायक अभियंता मोबा.नं.94062-43647, उपखण्ड कार्यालय खरसिया प्रभारी कु.उमा सिदार-उप अभियंता मोबा.नं.77480-23595, विकासखण्ड खरसिया प्रभारी श्री आर.एन.शर्मा-उपअभियंता मोबा.नं.87707-06336, उपखण्ड कार्यालय धरमजयगढ़ प्रभारी तथा विकासखण्ड धरमजयगढ़ प्रभारी श्री जे.सी.भगत-प्रभारी सहायक अभियंता मोबा.नं.9131044438 पेयजल प्रकोष्ठ से संबंधित कार्य करेंगे।

आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 26 मार्च तक मंगाए गए आवेदन

रायगढ़, 16 मार्च। एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (शहरी)अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र समाधिगली वार्ड क्रमांक 31 में आंगनबाड़ी में रिक्त सहायिका पद के लिए 26 मार्च 2025 तक इच्छुक आवेदिकाओं से आवेदन मंगाए गए है। आवेदिका अपना आवेदन परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (शहरी)में जमा कर सकते है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश व नियम शर्तो के लिए परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

कोविड-19 संक्रमण से मृत व्यक्ति के परिजन के लिए 50 हजार की अनुदान सहायता राशि स्वीकृत

महासमुंद,16 मार्च। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुमोदन पश्चात कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कोविड-19 संक्रमण से मृत व्यक्ति के परिजन व आश्रित को 50 हजार रुपए की अनुदान सहायता राशि स्वीकृत किया है। इनमें तहसील सरायपाली के ग्राम पलसाभाड़ी निवासी जगबंधु प्रधान की मृत्यु कोविड-19 संक्रमण से होने पर उनकी पत्नी विजया प्रधान के लिए 50 हजार रुपए की अनुदान सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

राशि भुगतान के पूर्व यह सुनिश्चित किया जाए कि आवेदक को इस मद से कोई अनुदान प्राप्त नहीं हुआ है।

रायगढ़ को विकास की राह पर लगातार आगे ले जाने के लिए काम करेंगे:चौधरी

रायगढ़, 16 मार्च। रायगढ़ जिला पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का प्रथम सम्मिलन व शपथ ग्रहण समारोह वित्तमंत्री श्री ओ.पी.चौधरी के मुख्य आतिथ्य में नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट में संपन्न हुआ। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने इस अवसर पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि लोगों ने इतने व्यापक स्तर पर जो विश्वास आप सब पर जताया है उस पर एक टीम की तरह कार्य करते हुए खरा उतरने के लिए काम करना है।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि रायगढ़ जिले में सकारात्मक बदलाव और विकास कार्यों नई रफ्तार देने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले सवा सालों में प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जनहित के कार्यों को गति प्रदान की है। इस दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के किसानों को 1 लाख करोड़ रुपए खातों में अंतरित किए गए हैं। बीते दिनों किसानों को इस वर्ष के धान खरीदी के अंतर की राशि के 12 हजार करोड़ रूपये एकमुश्त दिए गए। इतनी बड़ी रकम किसानों को एक साथ पहली दफा दी गई है। जिसका असर रहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ी है। दोपहिया और ट्रैक्टर के बिकवाली में तेजी बनी रही। 70 लाख माताओं बहनों को प्रतिमाह 1 हजार की राशि महतारी वंदन योजना के माध्यम से दे रहे हैं। आवास निर्माण के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए सरकार गठन के पश्चात पहली कैबिनेट में 18 लाख आवास निर्माण के लिए मंजूरी प्रदान किया गया। पिछले सवा साल में आवास निर्माण के काम काफी तेजी से हो रहे हैं। राशि जारी होने के साथ आवासों के निर्माण में प्रगति आई है। कई हितग्राहियों के आवास अब बनकर तैयार भी हो चुके हैं। राम लला दर्शन योजना के माध्यम से प्रदेशवासियों को अयोध्याधाम और बनारस के दर्शन करवा रहे हैं। हाल ही में संपन्न कुंभ में प्रदेश सरकार ने प्रयागराज में 4 एकड़ में छत्तीसगढ़ पवेलियन तैयार किया था। जिसका लाभ छत्तीसगढ़ के कुंभ यात्रियों को मिला।

रायगढ़ के लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया ने इस मौके पर सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी को वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी के नेतृत्व में रायगढ़ जिले में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का कार्य करना है। उन्होंने कहा कि यह जिले के नागरिकों का भरोसा है जिसके कारण यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आप सभी को मिली है इस भरोसे पर खरा उतरने के लिए काम करना है। इस अवसर पर नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविन्द्र गबेल ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि रायगढ़ जिले के विकास की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है जिसे पूरा करने के लिए वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी के मार्गदर्शन में लगातार सभी मिलकर कार्य करेंगे। जिला पंचायत रायगढ़ के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष श्री दीपक सिदार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत की नव निर्वाचित टीम अपने रायगढ़ के विकास के अपने दायित्व को पूरा करने हर संभव प्रयास करेगी।इस अवसर पर नगर निगम के महापौर श्री जीवर्धन चौहान, सभापति श्री डिग्रीलाल साहू, श्री अरूणधर दीवान, श्री उमेश अग्रवाल, श्री विजय अग्रवाल, श्री सत्यानंद राठिया, श्री गुरूपाल भल्ला, श्री विवेक रंजन रंजन सिन्हा, श्री गोपाल शर्मा, श्री मनहरण राठौर, श्री सतीश बेहरा, नगर पालिका अध्यक्ष खरसिया श्री कमल गर्ग, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सारंगढ़ श्री अजय नायक, श्री श्रीकांत सोमावार, श्री महेश साहू, श्री सुभाष पाण्डेय, कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, अपर कलेक्टर श्री रवि राही सभी जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, नगर निगम के पार्षद सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

रायगढ़ में विकास की लिख रहे नयी इबारत-वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी

वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि रायगढ़ में विकास कार्यों को नई पहचान देने के लिए कार्य कर रहे हैं। यहां 35 करोड़ की लागत से नालंदा परिसर का निर्माण शुरू हो चुका है। इतवारी बाजार के साथ ऑक्सीजीन और पटेल पाली में आदर्श मंडी के निर्माण कार्य भी चल रहे हैं। शहर की सड़कों का कायाकल्प किया जा रहा है। रायगढ़ के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण केलो परियोजना के नहरों का काम जल्द पूरा करने के लिए बजट से 100 करोड़ रुपए प्रदान किए गए हैं। इसके साथ ही 291 करोड़ रुपए की अतिरिक्त प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। सपनई डैम का काम आगे बढ़ रहा है। घरघोड़ा से रायगढ़ तक सड़क निर्माण प्राथमिकता से पूरा करवाया गया। कसडोल से रायगढ़ को आने वाली सड़क का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। रायगढ़ में फिजियोथेरेपी कॉलेज, पुसौर में नर्सिंग कॉलेज व पंजीयन कॉलेज खुलेगा। रायगढ़ में कला एवं संगीत महाविद्यालय और हार्टिकल्चर कॉलेज खुलेगा। प्रयास विद्यालय का संचालन रायगढ़ में हो रहा है।

नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ प्रथम सम्मिलन समारोह

नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट में आयोजित प्रथम सम्मिलन समारोह में जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविन्द्र गबेल व उपाध्यक्ष श्री दीपक सिदार सहित सभी नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो, श्री गोपाल अग्रवाल, श्रीमती मुस्कान चौहान, श्रीमती लक्ष्मी जीवन पटेल, श्री ब्रजेश गुप्ता, श्रीमती भाग्यवती डोलनारायण नायक, श्री बलदेव कुर्रे, श्रीमती सतबाई छोटे लाल पटैल, श्री मुरलीधर राठिया, श्री रमेश बेहरा, श्री बंशीधर चौधरी, श्रीमती शांता भगत, श्रीमती रजनी राठिया, श्रीमती पूर्णिमा लाला सिंह बैगा, श्रीमती चन्द्रशेनी दुष्यंत राठिया, श्री पुनेश्वर प्रसाद राठिया ने पंचायती राज अधिनियमों के तहत पदीय दायित्वों के निर्वहन की शपथ ली।

सरपंच,उपसरपंच ने स्कूल का भ्रमण किया

बीजापुर,16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नीति आयोग, भारत सरकार, पंचायती राज विभाग, छत्तीसगढ़ एवं सहयोगी संस्थान पीरामल फाउंडेशन की ओर से ज़िले में शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु सक्रियता से कार्य किया जा रहा है। शासन द्वारा चयनित स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों में बाल हितैषी पंचायत थीम के अन्तर्गत विद्यालयों में नवीन गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इस गतिविधियों के सफल संचालन के लिए ग्राम पंचायत के सरपंच एवं उनकी टीम अहम भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। इसी तारतम्य में दिनांक 12 मार्च 2025 को ग्राम पंचायत ईटपाल, बीजापुर की नव निर्वाचित सरपंच श्रीमती अनिता एक्कम ने प्राथमिक विद्यालय ईटपाल एवं ग्राम पंचायत सकनापल्ली, भैरमगढ़ के उप सरपंच श्री रमेश कुमार ने प्राथमिक विद्यालय सकनापल्ली में भ्रमण किया एवं इंडलाइन असेसमेंट की गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जो पीरामल फाउंडेशन के द्वारा पंचायत संचालित शिक्षा के तहत कक्षा तीसरी से लेकर पाँचवी तक के बच्चों के साथ किया जा है।

ग्राम पीडिया में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

बीजापुर,16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीजापुर डॉ.बी.आर.पुजारी के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंगालूर अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य केंद्र पीडिया के आश्रित ग्राम पीडिया में 12 मार्च को स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया जिसमे स्वास्थ्य परीक्षण 68, गर्भवती महिलाओ की जांच 03, सिकल सेल 68,टी.बी. स्क्रीनिंग 68, टी बी सैंपल 03,एनीमिया जांच 68, टीकाकरण 06, मलेरिया जांच 68, पी वी 09, रक्तचाप जांच 29, शुगर जांच 29, संभावित इत्यादि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया गया है जिसमे स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों उपस्थित थे।

रंगों का पर्व होली उत्साह और उमंग के साथ शांतिपूर्वक मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर,16 मार्च । बीजापुर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी होलिका दहन के बाद रंगो की यह होली पर्व बहुत ही उत्साह और उमंग भरे वातावरण मे शांति पूर्वक मनाया गया सुबह से ही लोग रंग गुलाल के साथ एक दूसरे को बधाई देते भाईचारे का संदेश देते होली खेली जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की पहल से होली के पूर्व जिला कार्यालय मे शांति समिति की बैठक हुई थी जिसमे सभी वर्ग के लोगो से शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने की अपील की गई थी जिस पर सभी लोगों ने सहमति जताई और शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाई इसी दिन शुक्रवार को रमजान महीने का दूसरा जुमा होने से पुलिस प्रशासन ने पूरी तरह एहतियात बरता और पूरे नगर में शांति बनाये रखने जवान तैनात किए गए थे तथापि नगर की शांति प्रिय जनता ने पूरे दिन खुशनुमा माहौल मे होली का पर्व मनाया मुस्लिम समाज के लोगों ने भी जामा मस्जिद में अपने निर्धारित समय पर जुमा की नमाज अदि की इस तरह नगर में सोहार्द पूर्ण वातावरण मे होली का पर्व मनाया गया इस बीच कही से भी किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं है पुलिस जवानों ने पूरे दिन सुरक्षा व्यवस्था को चाकचौबंद रखा और शांति बनाए रखने मे अहम भूमिका निभाई ट्रेफिक पुलिस भी दिन भर नगर मे गस्त करते अपनी जिम्मेदारी पूरी की

सखी सेंटर के परामर्श उपरांत अनावेदक के व्यवहार में आया सुधारात्मक परिवर्तन, प्रकरण नस्तीबद्ध

रायगढ़, 16 मार्च। गत 4 अक्टूबर 2024 को प्रत्यक्ष रूप से सखी सेंटर रायगढ़ में एक प्रकरण प्राप्त हुआ। जिसमें दोनो पक्षकारों (पति-पत्नी) का लिखित बयान लिया गया। आवेदिका ने बताया कि 26 अप्रैल 2005 को सामाजिक रीति-रिवाज से विवाह हुआ था, जिसके पश्चात एक पुत्र भी है। पति द्वारा शराब का अत्यधिक सेवन कर शारीरिक, मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। आवेदिका सखी के माध्यम से अनावेदक को प्रेमपूर्वक समझाईश दिलाने में सहायता चाहती है 16 अक्टूबर 2024 को अनावेदक सखी सेंटर रायगढ़ में उपस्थित होकर बताया कि आवेदिका द्वारा बेवजह शंका किया जाता है। जिससे विवाद होता है, अनावेदक को शराब का सेवन व विवाद नही करने की समझाईश दी गई। 04 नवम्बर 2024 से 13 जनवरी 2025 तक दोनों पक्ष की पृथक-पृथक 03 बार संयुक्त काऊंसलिंग करते हुये समझाईश दी गई। जिससे धीरे-धीरे अनावेदक के व्यवहार में सुधारात्मक परिवर्तन होने लगा व निरंतर प्रकरण को फॉलोअप में रखा गया।

आवापल्ली में आयोजित दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के प्रमाणीकरण शिविर में 170 हितग्राहियों का पंजीकरण

बीजापुर,16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले के उसूर ब्लॉक के आवापल्ली मे दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कोण्डापल्ली सहित सुदूर क्षेत्रों के दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को शिविर के माध्यम से लाभान्वित किया गया। उक्त शिविर में कुल 170 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया जिसमें 88 हितग्राहियों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया गया जिसमें 72 लोगों का दिव्यांगता 40 प्रतिशत एवं उससे अधिक था। उक्त जानकारी श्री कमलेश पटेल उप संचालक समाज कल्याण विभाग द्वारा दी गई।

उप स्वास्थ्य केन्द्र पुसबाका अंतर्गत नियद नेल्लानार गांव चुटवाही में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

बीजापुर,16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश में 12 मार्च दिन बुधवार को उप स्वास्थ्य केंद्र पुसबाका के अंतर्गत आने वाला नियद नेल्लानार ग्राम चुटवाही में अनुविभागीय अधिकारी उसूर के निर्देशअनुसार खंड चिकित्सा अधिकारी के मार्ग दर्शन पर ग्राम चुटवाही में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया आम जनो को पूरी स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाया गया । जिसमें सीएमएचओ डॉ बीआर पुजारी द्वारा शिविर का निरीक्षण कर प्रमुख रूप से आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बनाने का निर्देश दिया गया उपस्थित बीपीएम आरएचओ संदीप,मोहन,आरएचओ नम्रता कोर्राम,बीसी रीता,एम टी कमला काराम,एवं ऑपरेटर धीरज सरकार एवं कृष्णा ताटी के पूर्ण सहयोग से कुल 51आयुष्मान कार्ड बनाया गया शिविर में कुल ओपीडी 108 रहा जिसमें पीवी1 बुखार 12,सर्दी-खांसी 25, खुजली 5,गर्भवती महिलाओं की जांच 04 मोतियाबिंद 2, एन सी डी स्क्रीनिंग 60 टीकाकरण04 एवं सभी प्रकार के स्वास्थ्य सुविधाएं दी गई।

चिरायु टीम के प्रयास से अपेक्षा को मिली नई जिंदगी

महासमुंद,16 मार्च। ग्राम झालखम्हरिया की 8 साल की नन्ही अपेक्षा साहू की जिंदगी अचानक एक ऐसे मोड़ पर आ गई, जहाँ हर पल मौत की परछाईं उसका पीछा कर रही थी। उसके मासूम बचपन पर ब्लड कैंसर के एक दुर्लभ प्रकार एक्यूट प्रोमाइलोसाइटिक ल्यूकेमिया (एपीएमएल) ने गहरा असर डाला। महीनों से चला आ रहा बुखार, शरीर पर उभरते चकत्ते और पीलापन किसी गंभीर खतरे का संकेत दे रहे थे। जब स्वास्थ्य विभाग की चिरायु टीम को उसकी हालत का पता चला, तो बिना देरी किए उसे एम्स रायपुर ले जाया गया, जहाँ विस्तृत जांच के बाद उसकी बीमारी की पुष्टि हुईइलाज की शुरूआत कीमोथेरेपी से हुई, लेकिन यह जितनी जरूरी थी, उतनी ही खतरनाक भी साबित हुई। पहली ही खुराक के बाद उसके शरीर ने गंभीर प्रतिक्रिया दी, अचानक दौरे पड़ने लगे, मस्तिष्क में रक्तस्राव (सीवीए) हो गया और उसका बायाँ हिस्सा अर्ध-पक्षाघात (हेमिप्लेगिया) से प्रभावित हो गया। यह सब देखकर उसके माता-पिता का दिल बैठ गया। उन्हें लगा कि अब कुछ भी ठीक नहीं हो सकता और उन्होंने इलाज बीच में ही रोकने का फैसला कर लिया। लेकिन, यही वह क्षण था जब चिरायु टीम ने उम्मीद का हाथ बढ़ाया। उन्होंने माता-पिता को समझाया कि यह लड़ाई अधूरी छोड़ देना ही असली हार होगी। उनकी काउंसलिंग और हौसले के चलते अपेक्षा का इलाज दोबारा शुरू हुआ।

गंगालूर एरिया कमेटी अन्तर्गत सक्रिय 17 माओवादियों ने किया पुलिस के समक्ष सरेंडर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर,16 मार्च । अंदरूनी क्षेत्रों में नवीन सुरक्षा कैम्प की स्थापना के साथ शासन की विकासोन्मुखी कार्य, सड़कों का विस्तार, परिवहन की सुविधा, पानी, बिजली एवं शासन की अन्य कल्याणकारी योजना ग्रामीणों तक पहुचने लगी है, सुरक्षा बलों का ग्रामीणों के साथ हो रहे सकारात्मक संवाद, सामुदायिक पुलिसिंग के तहत् दी जा रही कल्याकारी योजनाओं की जानकारी एवं छ0ग0 शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के व्यापक प्रचार प्रसार से माओवादी संगठन से हुआ मोहभंग ।

संगठन के विचारों से हुआ मोहभंग और मिली निराशा एवं संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेद, समाज की मुख्यधारा से जुड़कर सुरक्षित पारिवारिक जीवन जीने की चाह के चलते किये आत्मसमर्पण वर्ष 2025 में अब तक 65 - माओवादियो ने आत्मसमर्पण, 137- माओवादी गिरफ्तार एवं 56 माओवादी अलग- अलग मुठभेड़ में मारे गए है।आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने वाले सभी माओवादियों को प्रोत्साहन स्वरूप 25-25 हजार रुपए नगद राशि प्रदान किया गया । पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, पुलिस महानिरीक्षक केरिपु सीजी सेक्टर छ0ग0 रायपुर, उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज, उप पुलिस महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स बीजापुर सेक्टर के मार्ग दर्शन व पुलिस अधीक्षक बीजापुर के निर्देशन में जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत डीआरजी, बस्तर फाईटर, एसटीएफ, कोबरा व केरिपु बल के द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासो से तथा छ0ग0 शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति साथ ही छ0ग0 शासन द्वारा चलाये जा रहे ÷नियद नेल्ला नार÷ योजना से प्रभावित होकर गंगालूर एरिया कमेटी 17 माओवादियों ने आज दिनांक 13/03/2025 को उप पुलिस महानिरीक्षक, दंतेवाड़ा रेंज दंतेवाड़ा श्री कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक केरिपु बीजापुर श्री देवेन्द्र सिंह नेगी , पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 222 श्री विरेन्द्र सिंह, कमांडेंट 85वी बटालियन केरिपु श्री सुनील कुमार राही, कमांडेंट 196 वी बटालियन केरिपु श्री कुमार मनीष, कमांडेंट 199वी बटालियन केरिपु श्री आनंद कुमार, कमांडेंट 202 कोबरा श्री अमित कुमार, कमांडेंट 210 कोबरा श्री अशोक कुमार, कमाडेंट 204 कोबरा श्री संतोष कुमार मल्ल, कोबरा 205 श्री नरेश पवार, कमांडेंट 206 कोबरा श्री पुष्पेन्द्र कुमार, अति0पुलिस अधीक्षक नक्सल अभियान श्री मयंक गुर्जर, अति0पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्रकांत गर्वना, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स श्री सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक श्री शरद कुमार जायसवाल के समक्ष आत्मसमर्पण किये । आत्मसमर्पित माओवादी के नाम/पदः-1.दिनेश मोडियम ऊर्फ बदरू मोड़ियम पिता चिन्ना मोड़ियम उम्र 36 वर्ष निवासी पेद्दाकोरमा नयापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पदनाम- डीव्हीसीएम, ईनाम 08.00 लाख, वर्ष 2004 से सक्रिय 2. ज्योति ताती ऊर्फ कला मोड़ियम पति दिनेश मोड़ियम उम्र 32 वर्ष निवासी पेद्दाकोरमा नयापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पदनाम- एसीएम, ईनाम 05.00 लाख, वर्ष 2007 से सक्रिय 3.दुला कारम पिता आयतू कारम पिता आयतू कारम उम्र 32 वर्ष निवासी एड़समेटा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पदनाम -एसीएम/गगांलूर एलओएस कमांडर, ईनाम 05.00 लाख वर्ष 2020 से सक्रिय 4.भीमा कारम पिता कोया कारम उम्र 28 वर्ष जाति मुरिया निवासी एड़समेटा, कारमामीडपारा थाना गंगालूर, पदनाम एड़समेटा आरपीसी मिलिशिया प्लाटून ए सेक्शन कमांडर, ईनाम 01.00 लाख , वर्ष 2008 से सक्रिय 5. शंकर लेकाम पिता मंगू लेकाम उम्र 34 वर्ष जाति मुरिया साकिन पेदापाल पायकापारा थाना गंगालूर एड़समेटा आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्षए ईनाम 01.00 लाखए वर्ष 2007 से सक्रिय6. सोमा कारम पिता मासा कारम उम्र 41 वर्ष जाति मुरिया निवासी एड़समेटा बीचपारा थाना गंगालूर, पदनाम एड़समेटा आरपीसी डीएकेएमएस अध्यक्ष, ईनाम 7.मंगू कड़ती पिता सन्नू कड़ती उम्र 35 वर्ष जाति मुरिया 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी एड़समेटा पेरमापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पदनाम- एडसमेटा आरपीसी मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर, ईनाम 01.00 लाख, वर्ष 2005 से सक्रिय 8.मोती कारम पिता लच्छू कारम उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी एड़समेटा बीचपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पदनाम - एड़समेटा आरपीसी केएएमएस अध्यक्ष, ईनाम 01.00 लाख, वर्ष 2008 से सक्रिय 9.अरविंद हेमला ऊर्फ आयतू हेमला पिता बुधराम हेमला उम्र 22 वर्ष जाति मुरिया निवासी सावनार गुण्डापारा थाना गंगालूर, पदनाम- दक्षिण सब जोनल ब्यूरो, पार्टी सदस्य, ईनाम 01.00 लाख रूपये, वर्ष 2017 से सक्रिय 10.आयतू कारम ऊर्फ ताकीड पिता कोंदा कारम उम्र 45 वर्ष जाति मुरिया निवासी एड़िसमेटा गायतापारा थाना गंगालूर, पदनाम- एड़समेटा आरपीसी जनताना सरकार सदस्य, वर्ष 1995 से सक्रिय 11.सुक्कू पूनेम पिता आयतू पूनेम उम्र 29 वर्ष जाति मुरिया निवासी एड़समेटा कडियापारा थाना गंगालूर, एड़समेटा आरपीसी जनताना सरकार सदस्य, वर्ष 2009 से सक्रिय12. हिड़मा सोढ़ी ऊर्फ देवा पिता बिक्कर सोढ़ी उम्र 26 वर्ष जाति मुरिया निवासी एड़समेटा काममीडीपारा थाना गंगालूर , पदनाम एड़समेटा आरपीसी जनताना सरकार सदस्य, वर्ष 2006 से सक्रिय13. सोमा कारम ऊर्फ लिंगा पिता बुदरू कारम उम्र 44 वर्ष जाति मुरिया निवासी एड़समेटा पोरेपारा थाना गंगालूर, पदनाम एड़समेटा आरपीसी जनताना सरकार सदस्य, वर्ष 1997 से सक्रिय 14.अर्जुन मड़कम पिता कोसा मड़कम उम्र 20 वर्ष जाति मुरिया निवासी एड़समेटा कारूमपारा थाना गंगालूर, एड़समेटा आरपीसी जीपीसी सदस्य, वर्ष 2008 से सक्रिय 15. सोमारू ताती पिता टोकड़ा ताती उम्र 45 वर्ष जाति मुरिया निवासी पालनार मातापारा थाना गंगालूर, पदनाम पालनार आरपीसी जनताना सरकार उपाध्यक्ष, वर्ष 2003 से सक्रिय 16हुंगा कारम ऊर्फ लच्छु कारम पिता सन्नू कारम उम्र 36 वर्ष जाति मुरिया निवासी एड़समेटा थाना गंगालूर, पदनाम एड़समेटा जनताना सरकार उपाध्यक्ष, वर्ष 1997 से सक्रि17. सन्नू कारम ऊर्फ कांति कारम पिता लच्छु कारम उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी एड़समेटा पोरोपारा थाना गंगालूर, पदनाम एड़समेटा आरपीसी जनताना सरकार सदस्य, वर्ष 2003 से सक्रिय

आपराधिक विवरण- लंबित अपराध एवं स्थाई वारंटदिनेश मोड़ियम डीव्हीसीएम गंगालूर एरिया कमेटी - जिला बीजापुर के अलग-अलग थानों में 26 अपराध एवं 82 स्थाई वारंट लंबित है । ज्योति ताती ऊर्फ कला मोड़ियम एसीएम गंगालूर एरिया कमेटी- जिला बीजापुर के अलग- अलग थानों में 07 अपराध एवं 11 स्थाई वारंट लंबित है ।दुला कारम, एसीएम/ गंगालूर एलओएस कमांडर - लंबित स्थाई वारंट - 10हुंगा कारम एड़समेटा जनताना सरकार उपाध्यक्ष - लंबित स्थाई वारंट 035.आयतु कारम एड़समेटा आरपीसी जनताना सरकार सदस्य- लंबित स्थाई वारंट - 01 छत्तीसगढ़ शासन की नक्सल उन्मूलन नीति नियद नेल्लानार के वृहत प्रचार-प्रसार एवं बड़े कैडर के माओवादियों के आत्मसमर्पण पश्चात सरकार द्वारा उनको दी जा रही विभिन्न सुविधाओं से पुनर्वास की प्रक्रिया की सरलता से प्रभावित होकर ये सभी माओवादी आत्मसमर्पण किये है। माओवादियों द्वारा आत्मसमर्पण के पीछे जिले में हो रहे विकास कार्य बड़ा कारण रहा, तेजी से बनती सड़कें, गावों तक पहुँचती विभिन्न सुविधाओं ने इन्हें प्रभावित किया है। संगठन के विचारों से मोहभंग एवं मिली निराशा, संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेद इनके आत्मसमर्पण का बहुत बड़ा कारण है।

बिटिया रानी,बिटिया रानी

चंचल स्निग्ध मनोहारी
है बिटिया रानी हमारी
वो चेतना न्यारी
नन्ही सी है सुकुमारी
दादी मां की है दुलारी
पापा की परी प्यारी
मां है ममता में वारी
बुआ लेले नखरें सारी
हों नाना नानी बलिहारी
मौसी की है फूलकुमारी
फूफा मौसा लूटाए लाड़ सारी
आनंद अक्षोभ्य की बहना न्यारी
आशीर्वाद ईश्वर की पाओ सारी,
रहो चिरंजीवी आरोग्य हों सारी।
जीवन तेरा रहें सदा मनोहारी,
दूं अनंत आशीष रहूं बलिहारी।।

ए. मीनाक्षी राव

एक नजर

दीपक निकुंज होंगे एसडीएम पलारी, आदेश जारी

बलौदाबाजार, 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर दीपक सोनी ने आदेश जारी कर जिला कार्यालय बलौदाबाजार मे पदस्थ डिप्टी कलेक्टर दीपक निकुंज को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पलारी मे पदस्थ किया है। वहीं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पलारी मे पदस्थ डिप्टी कलेक्टर सीमा ठाकुर को आगामी आदेश पर्यन्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार मे पदस्थ किया गया है।

आरटीई के तहत प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

बलौदाबाजार, 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2025-26 के तहत आरटीई के अंतर्गत जिले के 219 निजी स्कूलों के कुल 2105 सीटों पर निःशुल्क प्रथम चरण में प्रवेश हेतु आंनलाइन आवेदन 31 मार्च 2025 तक मंगाए गए है। पात्र व योग्यताधारी बच्चों का ही प्रवेश हो एवं प्रवेश की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने हेतु पोर्टल में आवश्यक सुधार किया गया है। ऑनलाइन आवेदन हेतु वेबसाइट ह्ह्ह्ग.ष्द.ट्ठद्बष्.द्बठ्ठ में जाकर आवेदन कर सकते है। इस संबंध में अन्य विकल्प के रूप में संस्था, नोडल अधिकारी एवं च्वाइंस सेन्टर के माध्यम से भी आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन के साथ बच्चे का पासपोर्ट साईज फोटो सहित संलग्न दस्तावेज को अपलोड करना अनिवार्य है। जैसे- बीपीएल सर्वे सूची, अंत्योदय कार्ड, आर्थिक-सामाजिक जनगणना सर्वे सूची 2011 के साथ ई.डब्ल्यू.एस कार्ड को भी मान्य किया जायेगा।

केंद्रीय विद्यालय के लिए अमेरा में जमीन आवंटित, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

बलौदाबाजार, 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर दीपक सोनी ने नवीन केंद्रीय विद्यालय स्थापना हेतु तहसील पलारी के ग्राम अमेरा मे जमीन आवंटित कर दिया है। उन्होंने इस आशय के आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार पलारी के प्रतिवेदन, अभिमत से सहमत होते हुए तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम अमेरा प. ह. न. 25 स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 3682/1 रकबा 4.242 हेक्टेयर, खसरा नंबर 3684 रकबा 0.684 हेक्टेयर, खसरा नम्बर 1272/1 रकबा 22.849 हेक्टेयर मे से रकबा 0.648 हेक्टेयर भूमि को छत्तीसगढ़ भूराजस्व संहिता 1959 की धारा 237(3) के तहत नोइयत परिवर्तन करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा को केंद्रीय विद्यालय स्थापना हेतु शर्तों के आधीन आवंटित किया गया है। भूमि के किसी भी उपयोग या उस पर किसी भी निर्माण के पूर्व सम्बंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया जाना अनिवार्य होगा। भूमि का उपयोग केंद्रीय विद्यालय स्थापना के अलावा अन्य प्रायोजन के लिए नहीं होगा। शासन द्वारा समय समय पर प्रतिपादित की जाने वाली शर्तें मान्य होगी। पर्यावरण संरक्षण हेतु आवश्यकता नुसार वृक्षारोपण करना होगा। रैन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापित करना अनिवार्य होगा।

नपा अध्यक्ष ने वार्डों में पानी की समस्या की जानकारी ली

शहर में हर घर में पहुंचेगा पानी : शर्मा

माताओं-बहनों की समस्याएं सुन द्रवित हुए नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 16 मार्च। भाटापारा शहर में बढ़ते जल संकट को लेकर महिलाओं ने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा से मुलाकात की थी। इसके बाद पालिका अध्यक्ष ने मंगलवार 11 मार्च की सुबह स्वयं ही संबंधित वार्डों में जाकर हालात का जायजा लिया और शीघ्र ही पानी की समस्या का निराकरण करने सभी आवश्यक कार्यवाही करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि किसी को भी पानी के लिए परेशान न होना पड़े। ऐसी व्यवस्था की जाए कि शहर में हर घर में पानी पहुंचे।

गौरतलब है कि बीते 10 मार्च को भाटापारा शहर के अनेक वार्डों में जल संकट को लेकर महिलाओं का समूह नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचा था। महिलाओं के नगर पालिका कार्यालय पहुंचने की जानकारी मिलने पर नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष ने अश्वनी शर्मा उनसे उनकी समस्या जानी।

इस दौरान महिलाओं ने बताया कि उनके वार्ड में पानी की समस्या विकराल होती जा रही है। कई घरों में अब तक नल कनेक्शन तक नहीं लग पाए हैं। यह सुन नपा अध्यक्ष शर्मा स्वयं द्रवित हो उठे, उन्होंने इस समस्या का यथाशीघ्र निदान करने का वायदा करते हुए खुद वार्ड में पहुंचकर वस्तुस्थिति जायज़ा लेने की बात कही थी। ऐसे में 11 मार्च की सुबह ही नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, वार्ड पार्षदों और पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ शहर के प्रभावित वार्डों में पहुंचे। उन्होंने माताओं-बहनों की पीड़ा को देखते हुए तुरंत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द-से-जल्द इस समस्या का समाधान होगा। नपा अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि, भाटापारा शहरवासियों की परेशानी उनकी भी परेशानी है और शहरवासियों की जरूरतों को पूरा करना हमारा दायित्व है।

> पीने के पानी के लिए किसी को संघर्ष करना पड़े, यह स्थिति स्वीकार नहीं की जा सकती। हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक हर घर को पर्याप्त जल न मिले।
>
> **-अश्वनी शर्मा,** अध्यक्ष, नपा भाटापारा

कलेक्टर ने पांचवीं,आठवीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी की समीक्षा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बालोद, 16 मार्च। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में शिक्षा एवं संबंधित विभाग की अधिकारियों की बैठक लेकर 17 मार्च से शुरू हो रहे कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं की बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जिले में कक्षा 5वीं एव 8वीं बोर्ड परीक्षा बिना किसी अवरोध के निर्विघ्न रूप से एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले सहित शिक्षा एवं अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में चन्द्रवाल ने बारी-बारी से विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों से चर्चा कर विकासखण्डवार तैयारियों की समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होने प्रत्येक विकासखण्डों में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की कुल संख्या तथा प्रत्येक विकासखण्डों में बनाए गए कुल परीक्षा केन्द्रों की संख्या आदि व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने प्रश्न पत्रों की छपाई, वितरण व्यवस्था, गोपनीय सामग्रियों के लिए समन्वय केन्द्र तथा प्रश्न पत्रों को संबंधित पुलिस थानों में सुरक्षित रखने हेतु किए गए उपायों के संबंध में जानकारी ली। बैठक में चन्द्रवाल ने पुलिस थानों से संबंधित परीक्षा केन्द्रों में गोपनीय सामग्रियों को सुरक्षित लाने ले जाने के लिए रूट चार्ट के निर्धारण आदि के संबंध में जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने सुरक्षित रूट चार्ट का निर्धारण कर निजी शालाओं के वाहनों का भी अधिग्रहण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने परीक्षा केन्द्रों के लिए सहमति देने वाले अशासकीय शालाओं के संख्या के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने परीक्षा संपन्न होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन आदि के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। बैठक में चन्द्रवाल ने बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन के दौरान नकल रोकने हेतु भी पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा। चन्द्रवाल ने कहा कि राज्य में लंबे अंतराल के बाद कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड की परीक्षाएं आयोजित की जा रही है। इसलिए इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु परीक्षा कार्य में लगे शिक्षकों का समुचित प्रशिक्षण एवं परीक्षा के लिए जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ने जिले में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड परीक्षा के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा किए गए तैयारियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के द्वारा जारी किए गए समय सारिणी के अनुसार कक्षा 5वीं की बोर्ड परीक्षा सोमवार 17 मार्च से एवं कक्षा 8वीं की बोर्ड परीक्षा मंगलवार 18 मार्च से प्रारंभ होगी। मरकले ने बताया कि कक्षा 5वीं बोर्ड परीक्षा का समय सुबह 09 से 11 बजे तक एवं कक्षा 8वीं बोर्ड परीक्षा का समय सुबह 09 से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के सफल आयोजन हेतु संकुल प्राचार्यों को प्रभारी बनाया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि संकुल प्राचार्यों के देखरेख एवं नियंत्रण में संबंधित संकुल के परीक्षा केन्द्रों में बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने परीक्षा के सफल आयोजन हेतु केन्द्र अध्यक्षों की नियुक्ति करने की भी जानकारी दी।

कार्यशाला में बैंक उपभोक्ताओं को किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गुरुर, 16 मार्च। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुरूर में भारतीय रिजर्व बैंक की जमाकर्ता शिक्षा व जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बैंक उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं उनके हितार्थ वित्तीय योजनाओं के प्रति जागरुक करना है। कार्यक्रम में जिला लीड बैंक से सौरभ जैन, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य एनके साहू उपस्थित थे। कार्यशाला में सौरभ जैन ने कहा कि वित्तीय शिक्षा वर्तमान समय कि महत्वपूर्ण आवश्यकता है क्योंकि वित्तीय समझ से व्यक्ति अपनी व परिवार की वित्तीय व्यवस्था को सुव्यवस्तिथ कर सकता है। उन्होंनें कहा कि बैंक से जुड़ा प्रत्येक व्यक्ति का यह अधिकार है कि वह अपने जमा धन व निवेश की विस्तृत जानकारी बैंक प्रबंधन से प्राप्त कर सकता है और यदि बैंक प्रबंधन जानकारी नहीं देता है तो उसे तत्काल बैंकिंग लोकपाल से संपर्क करना चाहिए। सौरभ जैन ने उपस्तिथ छात्र एवं छात्राएं के उत्साह को देखते हुये कहा कि वित्तीय मामलों की जानकारी के प्रति छात्राओं की यह ललक इस बात का परिचायक है कि अब समाज में व्यापक बदलाव आने वाला है। कार्यक्रम के उद्देश्य के विषय में जानकारी देते हुये 'समर्पित संस्था के अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक से जुड़े उपभोक्ताओं के सामने आने वाली विभिन्न परेशानियों को देखते हुये उन्हें जागरुक करने के लिये जमाकर्ता शिक्षा और जागरुकता कार्यक्रम की शुरुआत की है। उन्होंने बताया कि जमाकर्ता अपने अधिकार और वित्तीय शिक्षा के प्रति अज्ञानता के कारण ही लगातार चिटफंड कंपनी, ऑनलाइन शॉपिंग, दूरभाष में एटीएम की जानकारी आदि माध्यमों से ठगी का शिकार हो रहा है। इन सभी को ध्यान में रखते हुए कार्यशाला के माध्यम से बैंक उपभोक्ताओं को जागरुक बनाया जा रहा है। डॉ. संदीप शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिये भारतीय रिजर्व बैंक ने पूरेदेश भर से मात्र 20 संस्थाओं का चयन किया है और उसमें से समर्पित संस्था एक है। इसके साथ ही इस कार्यक्रम के लिये चयनित होने वाली समर्पित संस्था छत्तीसगढ़ की एकमात्र संस्था है। कार्यशाला में उपस्थित बैंक प्रतिनिधियों व मास्टर ट्रेनर हितेश मिश्रा व संतोषी बघेल ने बैंक खाता खुलवाने, उसका संचालन, बचत योजना, वित का प्रबंधन, केवायसी प्रक्रिया, बैंक ऋण, ऋण संबंधित उपभोक्ताओं के अधिकार, जमाकर्ताओं के अधिकार, बैंकिंग लोकपाल, चिटफंड कंपनियों, नान बैंकिंग फाइनेंस कंपनी आदि की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

पुलिस कल्याण पेट्रोल पंप का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 16 मार्च। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित पुलिस कल्याण पेट्रोल पंप का शुभारंभ आज पुलिस महानिरीक्षक रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा (भापुसे) द्वारा किया गया।

शुभारंभ के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, कलेक्टर, पुलिस विभाग के सभी राजपत्रित अधिकारी गण, सभी सम्मानित मीडिया के साथीगण एवं रक्षित निरीक्षक उपस्थित थे। पुलिस कल्याण पेट्रोल पंप से पेट्रोल एवं डीजल 24M7 शुद्धता पूर्वक वर्ष के 365 दिन उपलब्ध होंगे। पेट्रोल पंप प्रारम्भ करने हेतु पुलिस मुख्यालय के कल्याण निधि से 55 लाख रुपए लोन के रूप में प्राप्त हुए थे।

पटवारी प्रशिक्षण के लिए आश्रितों को मिली अनुकम्पा नियुक्ति

बलौदाबाजार, 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राज्य शासन द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों में भर्ती हेतु जारी नए निर्देशो के परिपालन में कलेक्टर दीपक सोनी ने पात्र 2 आश्रितों को पटवारी पद पर नियुक्ति हेतु पटवारी प्रशिक्षण के लिए चयन आदेश जारी किया है। जिला स्तरीय गठित चयन समिति की अनुशंसा के आधार पर स्व. संतोष कुमार पैकरा, वाहन चालक छ.ग. स्टेट गैरेज रायपुर का शासकीय सेवा में रहते हुए 6 मई 2022 को आकस्मिक निधन होने पर जिला सरयुजा लखनपुर तहसील अंतर्गत ग्राम जमगला निवासी आश्रित पुत्र अभिषेक कुमार पैकरा एवं स्व. हेमलता साहू सहायक शिक्षक(एल.बी.) डॉ. कन्हैया लाल शर्मा शासकीय आदर्श प्राथमिक शाला कसडोल का शासकीय सेवा में रहते हुए 28 अक्टूबर 2023 को आकस्मिक निधन होने पर तहसील कसडोल अंतर्गत बलार रोड कसडोल निवासी आश्रित पुत्री शिवानी साहू को पटवारी पद पर अनुकम्पा नियुक्ति के लिए, पटवारी प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु शर्तों के अधीन चयन किया गया है।

समाचार संक्षेप

कलेक्टर ने वृद्धजनों संग मनाई होली, गुलाल लगाकर बुजुर्गों का किया अभिनंदन

बलौदाबाजार, 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर दीपक सोनी ने बलौदाबाजार स्थित वाटिका वृद्धाश्रम पहुंचकर सपरिवार वृद्धजनों के साथ रंगों का पर्व होली मनाई। उन्होंने होली के पावन अवसर पर वृद्धजनों के बीच पहुंचकर खुशियाँ बांटी। उन्होंने बुजुर्गों को गुलाल लगकर अभिनंदन किया।इस अवसर पर कलेक्टर को अपने बीच पाकर वृद्धजनों की आँखों मे खुशी छलक उठी। कलेक्टर ने बुजुर्गों से उनका हाल -चाल पूछा और वृद्धाश्रम मे भोजन, विश्राम, साफ- सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। वृद्धजनों ने बताया कि आश्रम मे व्यवस्था बेहतर है। समय पर गुणवत्तापूर्ण भोजन मिल जाता है। कलेक्टर सोनी ने वृद्धाश्रम मे और बेहतर व्यवस्था के लिए अवश्यक कदम उठाने के अश्वासन दिये। गौरतलब है कि वाटिका वृद्धाश्रम का संचालन समाज कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है। जीवन के चौथे अवस्था मे घर, परिवार से अलग -थलग पड़े बुजुर्गों के लिए यह आश्रम आश्रय प्रदान कर रहा है।

पुलिस महानिरीक्षक मिश्रा ने किया जिला का भ्रमण

बलौदाबाजार, 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा (भा.पू.से) एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत बलौदाबाजार पहुंचे। इस दौरान उनके द्वारा सिटी सर्विलांस सिस्टम रूम बलौदाबाजार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा सिटी सर्विलांस रूम में सीसीटीवी कैमरों की बेहतर निगरानी प्रणाली एवं संपूर्ण व्यवस्था की सराहना किया गया।

पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा पुलिस कार्यालय सभाकक्ष में जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों थाना एवं चौकी प्रभारियों की बैठक ली गई तथा होली पर्व की तैयारियों एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में दिशा निर्देश दिया गया। कानून व्यवस्था को लेकर उचित आकलन तथा त्वरित निराकरण को लेकर पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को लगातार संवेदनशील व सतर्क बने रहने हेतु निर्देश दिए गए। उनके द्वारा पुलिस की छवि को मजबूत करने हेतु और अधिक सार्थक प्रयास करने पर बल दिया गया। साथ ही लंबित अपराध, अनसुलझे प्रकरण एवं एक वर्ष से अधिक समय से लंबित अपराध का अविलंब निकाल करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि जब कोई फरियादी या शिकायतकर्ता थाना आए तो उस शिकायत पर क्विक रिएक्शन कर शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करें तथा प्रस्तुत शिकायत को किसी भी प्रकार से नजर अंदाज ना करें। इसके साथ ही माननीय न्यायालय नोटिस, जवाबदावा, जमानत याचिका आदि पर विशेष ध्यान दें एवं माननीय न्यायालय में प्रस्तुत प्रकरण में नियत समय में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

नाम परिवर्तन

मैं कृष्णी बाई पति श्री कृष्णा दास उम्र 52 वर्ष निवासी सत्यम चौक, रूआबांधा बस्ती, सिविक सेंटर भिलाई तह.व जिला दुर्ग छ.ग. की निवासी हूँ। मेरे स्वयं के नाम से भारतीय स्टेट बैंक शाखा सेक्टर-10 भिलाई में खाता क्रमांक 34494172779 में मेरा नाम कृष्णी महिपाल अंकित है, जबकि मेरे आधार कार्ड 578505101574 व पेन कार्ड में मेरा नाम कृष्णी बाई दर्ज किया गया है जो कि सत्य है। अब मैंने अपना नाम बदलकर कृष्णी बाई कर लिया है जो की सही व सत्य है। अतः आज से भविष्य में समस्त शासकीय/अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मुझे मेरे नए नाम कृष्णी बाई के नाम से जाना व पहचाना जाए।

कृष्णी बाई
पति श्री कृष्णा दास

जिला पंचायत के प्रथम सम्मिलन में ही एक्शन मोड में दिखी अध्यक्ष तारणी चंद्राकर

जनहित के कार्यों को दी जाए प्राथमिकता : चन्द्राकर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बालोद, 16 मार्च। जिला पंचायत बालोद में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के निर्वाचन के उपरांत प्रथम सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रथम सम्मेलन में अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, उपाध्यक्ष टोमन साहू तथा सभी सदस्यों ने शपथग्रहण किया। शपथग्रहण उपरांत जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर ने प्रथम सम्मेलन में ही जनहित के कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए जिला पंचायत सीईओ से चर्चा की तथा शासन की सबसे महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के सफल क्रियान्वयन तथा गरीब पात्र परिवारों को लाभ सुनिश्चित करने के लिए सभी विकासखंड में सेक्टर बनाकर शिविर आयोजित करने की बात कही तथा शिविरों के माध्यम से सभी पात्र हितग्राहियों की पहचान कर सर्वे में नाम दर्ज कराने व उन्हें इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन की बदौलत आज हमें यह दायित्व मिला है। मोदी की गारंटी तथा उनकी सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना शामिल है। पूर्ववर्ती सरकार के समय जिस प्रकार गरीबों को आवास योजना के लाभ से वंचित रखा गया था अब उसे तत्काल योजना का लाभ देकर उनके सर पर छत देने का कार्य हम मिलकर करेंगे। अब किसी भी गरीब परिवार को भटकना नहीं पड़ेगा, गरीब परिवारों की चिंता सब हमारी चिंता तथा नैतिक जिम्मेदारी बन गई है। जिन अपेक्षाओं के साथ जनता ने हमें अपना आशीर्वाद दिया है उन अपेक्षाओं को पूरा करने हम दृढ निश्चय होकर संकल्पबद्ध रहेंगे। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष टोमन साहू, जिला पंचायत सीईओ सहित सभी नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य उपस्थित थे।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल जगदलपुर

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि:- 21/03/2025

सं. क्र.	नि.आ.सू.क्र./ नि.आ.सू. दिनांक	सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में)
01	02	03	04	05
1	123/2024-25 दिनांक 11/03/2024	165844 (प्रथम आमंत्रण)	बी.टी. एवं डब्ल्यू.एस.एम. पेंच का कार्य- (1) बीजापुर-आवापल्ली मार्ग लम्बाई 70.00 कि.मी. (1/2 से 1/10, 2/2, 5/4 से 5/10, 6/2 से 35/4, 43/6 से 44/4) =37.00 कि.मी. (2) भोपालपट्नम मद्दीमरका मार्ग लम्बाई 21.40 कि.मी. (1, 2, 3, 4) = 4.00 कि.मी. कुल लम्बाई - 37.95 कि.मी. लाक-उसूर/भोपालपट्नम, जिला बीजापुर कार्य की निविदा।	56.00

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मंडल जगदलपुर

जी-242505938/2

एक नजर

नाबालिग ने खारुन में कूदकर की आत्महत्या

रायपुर, 16 मार्च। राजधानी रायपुर के महादेव घाट स्थित पुल से खारुन नदी में कूदकर एक नाबालिग ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मठपूरैना निवासी ओमप्रकाश ठाकुर के रूप में हुई है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से नाबालिग के शव को नदी से बाहर निकाला। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना डीडीनगर थाना क्षेत्र की है।

शराब दुकान में लाखों रुपए की मदिरा पार

रायपुर, 16 मार्च। नेवरा के देशी शराब दुकान का छत को तोड़कर अज्ञात चोर ने लाखों रुपए के शराब पार कर दिया। प्रार्थी कीर शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अजय लहरी 31 वर्ष भैरवगढ़ धाम तिल्दा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने नेवरा के देशी शराब दुकान के छत को तोड़कर अंदर प्रवेश किया और 1008 पाव अंग्रेजी शराब पार कर दिया। चोरी गए शराब की कीमत करीब 1 लाख 31 हजार 40 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान का ताला टूटा, जेवर पार

रायपुर, 16 मार्च। ग्राम तुलसी स्थित गैलेक्सी न्यू टाउन मंदिरहसौद स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दुष्यंत वर्मा 36 वर्ष ग्राम तुलसी गैलेक्सी न्यू टाउन का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपने परिवार के साथ घर में ताला लगाकर होली त्योहार मनाने गृहग्राम गया था। जब वापस लौटा तो देखा की घर का ताला टूटा हुआ है और आलमारी में रखे सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 85 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ट्रक ने युवक को रौंदा

रायपुर, 16 मार्च। टाटीबंध शराब दुकान के पास ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक युवक को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक श्याम साहू 26 वर्ष डुमरतालाब का रहने वाला था। मृतक पैदल कहीं जा रहा था, तभी टाटीबंध शराब दुकान के पास ट्रक क्रमांक जीजे 01 डीजेड 4580 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए श्याम को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दो दोपहिया वाहन आपस में भिड़े, एक की मौत

रायपुर, 16 मार्च। नेशनल हाइवे के ग्राम देवरी के पास स्कूटी और बाइक में टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार किशोर की मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने स्कूटी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अजय यदू 17 वर्ष ठेठवारपारा सिलतरा का रहने वाला था। मृतक अपने दोस्त सोहन यदू के साथ बाइक से कहीं जा रहा था, तभी नेशनल हाइवे ग्राम देवरी के पास विपरीत दिशा से आ रही स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एमएल 1395 से टक्कर हो गया। इस हादसे में अजय की मौत हो गई। वहीं उसका दोस्त घायल है। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में धरसींवा पुलिस ने स्कूटी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अपना क्या है इस जीवन में, सब कुछ लिया उधार सारा लोहा तुम लोगों का, अपनी केवल धार

छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य पर ईडी ने शिकंजा कसा है, ई डी ने 14 ठिकानों पर रेड की है, छपेमारी, शराब घोटाले से जुड़े मामले में की गई है, इसी मामले में विधा यक, पूर्व शराबमंत्री क़वासी लखमा अभी जेल में हैं।कथित शराब घोटाले को लेकर आरोप है कि 2019 -2022 के बीच खजाने से करीब 2, 161 करोड़ रुपए की हेराफेरी की गई, ईडी के मुताबिक जांच के दौरान एजेंसी को ऐसे सबूत मिले हैं, जिनका संबंध चैतन्य बघेल से है।एजेंसी ने सबूतों को तलाशी का आधार बताया है। ईडी की जांच में सीनियर ब्यूरोक्रेट्स, राज नेताओं, आबकारी विभाग के अधिकारियों से जुड़े एक नेटवर्क का भी पता चला है।ईडी ने जुलाई 2023 में अभियोजन शिकायत दर्ज की, जिसमें रायपुर के पूर्व मेयर एजाज ढेबर के भाई अनवर ढेबर, पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, छग सीएसएमसीएल के एमडी अरुणपति त्रिपाठी जैसे प्रमुख व्यक्तियों का नाम शामिल था।एजेंसी ने दावा किया कि इन लोगों ने ही घोटाले को अंजाम देने में अहम भूमिका निभाई, जिसमें खरीद प्रक्रियाओं में हेरफेर करना, चुनिंदा शराब निर्माताओं से कमीशन लेना शामिल था, घोटाले मामले में एक्शन लेते हुए एजेंसी ने व्यापारियों, पूर्व ब्यूरो क्रेट्स सहित अलग-अलग आरोपियों से जुड़ी करीब 205 करोड़ की संपत्तियां जब्त की हैं, संपत्तियों में चल-अचल दोनों शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ का बजट साढ़े 3 हजार करोड़ से 1.65 लाख करोड़ तक...

मध्यप्रदेश से अलग होने के बाद पहले सीएम अजीत जोगी ने छग का पहला बजट पेश किया था।2001 में पहला बजट साढ़े तीन हजार करोड़ रुपये का था, जो अनुपूरक को मिलाकर पांच हजार 705 करोड़ ? का हुआ। वर्ष

2014-15 में बजट का आकार पहली बार 50 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंचा।अनुपूरक को मिला इसका कुल आकार 54 हजार710 करोड़ ? हुआ था।यह 2013-14 की तुलना में 24त्न बड़ा था। 2018 में डॉ. रमन सिंह ने जब अपनी सरकार का अंतिम बजट पेश किया तब इसका आकार 83 हजार 179 करोड़ ? तक पहुंच गया था।सीएम एवं वित्तमंत्री भूपेश बघेल ने 2019 में अपना पहला बजट 90 हजार करोड़ से अधिक का पेश किया। 20 22-23 में इसका आकार 1लाख 4 हजार करोड़ ? हो चुका है। सीएम भूपेश बघेल ने 1 लाख 5 हजार करोड़ का बजट पेश किया था।2023-24 में 1लाख 12 हजार 708 करोड़ का बजट सीएम, वित्तमंत्रीभूपेश बघेल ने प्रस्तुत किया।ये उनके कार्यकाल काआख़री बजट था।प्रदेश में विष्णु देव सरकार बनने के बाद 2024 में वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने 1, 47, 440 करोड़ का बजट पेश किया तो इसी साल 2025 के लिये 1.65 लाख करोड़ का बजट प्रस्तुत किया है।

छत्तीसगढ़ की नौकरशाही में अभी कौन है भारी...

छत्तीसगढ़ के प्रशासनिक गालियारे में यह चर्चा आम है कि नौकरशाही में अभी सबसे मजबूत अफसरों में कौन कौन हैज छग की पहली पूर्ववर्ती अजीत जोगी की सरकार में कोई नौकरशाह मजबूत स्थिति में नहीं था क्योंकि जोगी खुद आईपीएस, आईएएस अफसर रहे थे।डॉ रमन सर कार में अमनसिंह,

विक्रम सिसोदिया की 'फूल' चलती थी।इधर भूपेश बघेल की सरकार बनी तो प्रशासनिक सेवा की सौम्या चौरसिया की एक तरफा चलती थी।ईडी के छापे, गिरफ्तारी, उनके जेल जाने के बाद भाजपा शासन में नान घोटाले में चर्चा में अनिल टुटेजा की भी एकतरफ़ा चली।हालांकि पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढांड की भी कम नहीं चलती थी, अफसरों की पदस्थापना में उनकी राय महत्वपूर्ण होती है जहाँ तक पुलिस महकमें की बात है आईजी आरिफ शेख, सरकार के आंख- कान बने हुए थे, आईजी डॉ आनंद छाबड़ा की भी राय भी महत्वपूर्ण मानी जाती है? विष्णुदेव साय की सरकार बनने पर मंत्रियों में ओपी चौधरी की ठीक- ठाक चल रही है, शुरू में पी. दयानन्द, राहुल भगत की चली, अब इनके ऊपर सुबोध सिँह की नियुक्ति के बाद स्थिति कुछ बदली है, जनसंपर्क आयुक्त डॉ रवि मित्तल भी सीएम के काफ़ी करीबी हैं। पुलिस अफसरों में एडीजी इंटेलिजेंस अमित कुमार, आईजी रायपुर और एसीबी, ईओडब्लू अमरेश मिश्रा, आईजी बस्तर पी. सुंदरराज सरकार की गुड लिस्ट में हैं।

आईजी सुंदरराज की जगह कौन...?

छत्तीसगढ़ के नक्सली पीड़ित क्षेत्र बस्तर में कुछ सालों से कमान सम्हाल रहे आईपी एस पी सुन्दरराज, पुलिस अकादमी हैदराबाद में कुछ दिन गुजरना चाहते हैं, छग सरकार के समक्ष यह मंशा भी जाहिर कर दी है पर परेशानी यह है कि उनका विकल्प कौन होगा.?बस्तर के नक्सली मोर्चे की कमान संभाल रहे पी.सुंदरराज को बस्तर आईजी की ज़ब से कमान सौंपी गई है तब से छुटपुट घटनाओं को छोड़ नक्सली क्षेत्र में एक तरह से शांति ही है।नक्सलीमोर्चे के एक्सपर्ट माने जाने वाले पी.सुंदरराज बस्तर में शांति पूर्ण तरीके से नक्सलियों के लिब्रिटेड जोन को भेद रहे हैं।शांत छवि के साथ सम स्याओं को ध्यान में रखकर काम करने वाले सुंदरराज को बस्तर से नक्सली मुक्त कराने का ब्लूप्रिंट तैयार कराकर ही भेजा गया था।

गौरतलब है कि बस्तर में पहले एसपी, डीआईजी और प्रभारी आईजी की कमान संभाल चुके हैं वहीं बस्तर में मोबाइल नेटवर्क मजबूत करने से लेकर नक्सलियों के कोर एरिया को भेदने की रणनीति में उन्हें महारत हासिल है।

और अब बस...

- छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल से क्या 1-2 मंत्री हटाये जा सकते हैं, वैसे कुछ का विभाग बदलना तो तय है?
- रायपुर जेल में बंद रहे, मुठभेड़ में मारे गये अमन साहू का जेल में फोटो शूट चर्चा में है?
- छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल के किसी सदस्य (श्रम मंत्री) को संभवतःपहली बार संगठन से नोटिस मिला है..?
- सीएम विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने 'छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण/पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति-2025' को स्वीकृति दी है।

होटल कोर्टयार्ट मैरिएट में होली खेलने के दौरान दो गुटों में जमकर मारपीट, एफआईआर दर्ज

रायपुर, 16 मार्च। राजधानी रायपुर स्थित होटल कोर्टयार्ट मैरिएट में बीते दिन होली के जश्न के बीच युवाओं के बीच जमकर मारपीट हो गई. होटल कोर्टयार्ड में होली की शाम 4 बजे 2 गुटों के आधा दर्जन से अधिक युवक मौजूद थे. इनमें मोवा-पंडरी गुरूद्वारा के पास रहने वाले तुषार कुंदनानी, यश, भरत धनेचा, दिनेश, मोहित और अमर सचदेव शामिल हैं. इन युवकों में जबरदस्ती रंग लगाने के चलते विवाद खड़ा हुआ और विवाद इतना बढ़ा कि वे मारपीट पर उतर आए. मारपीट के बाद तुषार ने तेलीबांधा पुलिस थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है.

तुषार ने भरत, मोहित, अमर और दिनेश के खिलाफ अपनी शिकायत में बताया कि वे सभी होली का जश्न मनाने के लिए होटल कोर्टयार्ड पहुंचे थे. इसी दौरान रंग लगाने पर इन चारो ने तुषार और यश को अपशब्द कहे और फिर पाइप से हमला कर दिया. तेलीबाँधा थाना प्रभारी नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि मामले में पुलिस ने धारा भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2), 351(2) के तहत एफआईआर कर दी है. दोनों पक्षों का बयान लेकर वैधानिक कार्रवाई की बात कही है.

होली में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 329 वाहन जब्त

78 ड्रंक एंड ड्राइव मामले में पेश किए जाएंगे न्यायालय

रायपुर, 16 मार्च। होली के त्यौहार के दौरान रायपुर पुलिस ने शहर में शांति और सौहार्दपूर्ण व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़ी कार्रवाई की। 13 और 14 मार्च को होली पर्व मनाया गया, जिसके दौरान पुलिस ने यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया। पुलिस महानिरीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह और वरिष्ठ अधीक्षक जिला रायपुर के निर्देशन में, समस्त एडिशनल एसपी और डीएसपी के नेतृत्व में शहर के 50 प्रमुख चौक-चौराहों पर चेकिंग पॉइंट लगाए गए थे। इस अभियान के दौरान, पुलिस ने 329 वाहनों को जप्त किया। इनमें से 251 वाहन चालकों पर तीन सवारी वाहन चलाने के आरोप में कार्रवाई की गई, जबकि 78 वाहन चालकों पर ड्रंक एंड ड्राइव के तहत कार्रवाई करते हुए उनके वाहन जप्त किए गए। रायपुर पुलिस के अनुसार, इन सभी मामलों को सोमवार को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। इस कार्यवाही के जरिए पुलिस ने होली के दौरान सड़क पर सुरक्षा और व्यवस्था को सुनिश्चित करने की पूरी कोशिश की।

बेटी बचाओ मंच के होली मिलन में जमा फागुनी गीत का रंग

रायपुर, 16 मार्च। बेटी बचाओ मंच विप्र नगर के आयोजित होली मिलन को उपस्थित पदाधिकारियो ने फागुनी गीत के फुहार से माहौल को रंगारंग कर दिया।

प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में मंच पदाधिकारियों ने विप्र नगर के श्रद्धा सदन में हर्बल गुलाल तथा फूलों की पंखुड़ी के साथ होली का भरपूर आनंद लिया। उक्त अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियो शशि यादव, नमिता डडसेना, रश्मि कश्यप, श्रद्धा उपाध्याय, ने होली पर हास्य व्यंग्य प्रस्तुत किया। सीमा कश्यप, कवितासर्मा ने समस्त उपस्थितों को जोकर टोपी पहनाकर स्वागत किया। लीना सिन्हा, पिंकी देवांगन ने फागुनी गीत प्रस्तुत कर माहौल को रंगीन बना दिया। अध्यक्ष ललित मिश्रा ने होली के महत्व को प्रतिपादित करते हुए इसे भाईचारा स्नेह और बंधुत्व के साथ सद्भावना का वातावरण निर्मित करने का पर्व बताया। आरती जैन, संध्या साहू, श्यामबाई, कंचना बाड़े ने गीत प्रस्तुत कर माहौल को हर्ष व उल्लास से भर दिया।संचालन शशि यादव तथा आभार रश्मि कश्यप ने किया।

एएसपी के ड्राइवर की सड़क हादसे में मौत

रायपुर, 16 मार्च। जिले के नगरी ब्लाक से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है, जिसमें एक स्कॉर्पियो वाहन बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में वाहन के चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना नगरी थाना क्षेत्र के सांकरा मार्ग पर स्थित एक सूअर फर्म के पास घटी। जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो वाहन नगरी छीपली चौक से लगभग एक किलोमीटर दूर पलट गई और फिर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में चालक बलराम ठाकुर, जो राजिम क्षेत्र, जिला गरियाबंद का निवासी था, की मौके पर ही मौत हो गई। स्कॉर्पियो का सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू की और मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि बलराम ठाकुर हाल ही में नगरी में पदस्थ एएसपी शैलेंद्र कुमार पांडे का वाहन चालक था और वह करीब ढाई महीने से इस कार्य में लगा हुआ था। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है और जांच जारी है।

हाईवे ढाबे में जुआ खेलते 5 आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रायपुर, 16 मार्च। रायपुर जिले के आमानाका थाना क्षेत्र के अटारी रोड स्थित हाईवे ढाबे में जुआ खेलते हुए पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 72, 400 रुपये की नकदी, ताश पत्तियां, 5 मोबाइल फोन, 2 मोटरसाइकिल, 1 चार पहिया वाहन और एक पिस्टल बरामद की है। इस कार्रवाई में जप्त की गई कुल संपत्ति की कीमत लगभग 7.5 लाख रुपये बताई जा रही है।

एंटी क्राइम और साइबर यूनिट तथा थाना आमानाका पुलिस की संयुक्त टीम ने दिनांक 7 मार्च 2025 को इस छापेमारी को अंजाम दिया। टीम को सूचना मिली थी कि हाईवे ढाबे के छत पर कुछ लोग ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं, जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिबंधक अधिनियम 2022 की धारा 4 और 112 बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपियों में राजा बघेल (38 साल), तेलीबांधा, यश संतवानी (18 साल), भोपाली कॉलोनी, तेलीबांधा, हरीश चंद्राकर (37 साल), गली नंबर 7, तेलीबांधा, शेख फैयाज (33 साल), तेलीबांधा कांसीराम नगर व शुभम चंद्राकर (28 साल), ग्राम बोरिद, आरंग है। आरोपियों से पुलिस ने ताशपत्तियां, 5 मोबाइल फोन, 2 मोटरसाइकिल, 1 चारपहिया वाहन, 1 पिस्टल जब्त किया है।

11 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

खमतराई और अभनपुर पुलिस ने जुआ खेलते कुल 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 21800 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भनपुरी चौक में दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी केशव निर्मलकर 30 वर्ष सहित अन्य 2 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 800 रुपए जब्त किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने ग्राम भरेंगाभाठा खार में दबिश देकर प्रवीण कोसले सहित अन्य 7 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 21 हजार रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

व्यापारी एकता और जय व्यापार पैनल के बीच हुआ समझौता, उम्मीदवारों के नाम किए गए तय

रायपुर, 16 मार्च। व्यापारी एकता पैनल और जय व्यापार पैनल के बीच चेंबर चुनाव को लेकर तीन दिन पहले समझौता हुआ। इस संबंध में व्यापारी एकता पैनल के प्रमुख राजेश वासवानी ने जानकारी दी। उनके अनुसार, दोनों पैनल के वरिष्ठ सदस्यों के बीच हुई विचार-विमर्श और वरिष्ठजनों की मध्यस्थता से यह सहमति बनी। समझौते के तहत, व्यापारी एकता पैनल और जय व्यापार पैनल के संयुक्त उम्मीदवार के रूप में सतीश थौरानी (अध्यक्ष), अजय

भसीन (महामंत्री) और नितेश बरडिया (कोषाध्यक्ष) का नाम तय किया गया। ये तीनों प्रत्याशी जय व्यापार पैनल से अपना नामांकन पत्र भरेंगे। इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृति मिल गई है, ताकि व्यापारी समाज में एकजुटता का सकारात्मक संदेश भेजा जा सके। इसके अतिरिक्त, अन्य निर्वाचित और मनोनीत पदाधिकारी तथा जिलों के पदाधिकारियों का चयन गुण-दोष के आधार पर दोनों पैनल से किया जाएगा। दोनों पैनल की सक्रियता से व्यापारी समुदाय की समस्याओं का समाधान किया जाएगा, जिससे चेंबर को नई ऊंचाई प्राप्त हो सके। राजेश वासवानी ने कहा, यह समझौता दोनों पैनल के बीच सामंजस्य स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है और व्यापारी समाज के हित में काम करेगा।

धारदार चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर, 16 मार्च। रायपुर के गुढियारी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक आरोपी शंकर सोनी को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से धारदार बटनदार स्प्रींगदार स्टील का चाकू बरामद हुआ। आरोपी ने इस चाकू के साथ आम लोगों में आतंक फैलाने की कोशिश की थी।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार रखने के आरोप में कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। गुढियारी थाना पुलिस को 8 मार्च 2025 को सूचना मिली कि तुलसी नगर स्थित शिव मंदिर के पास एक व्यक्ति धारदार चाकू लेकर आम लोगों को डराने-धमकाने की कोशिश कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शंकर सोनी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से एक धारदार बटनदार स्प्रींगदार स्टील का चाकू बरामद किया। आरोपी के खिलाफ थाना गुढियारी में अपराध क्रमांक 171/2025 धारा 25 और 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की पहचान शंकर सोनी (23 वर्ष) पिता स्व. भागवत सोनी के रूप में हुई है, जो प्रेम नगर, मीरा किराना स्टोर्स के पास गुढियारी रायपुर का निवासी है।

माल कम निकलने पर ट्रेलर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

रायपुर, 16 मार्च। नाकोड़ा इस्पात कंपनी सिलतरा से मिट्रिक टन लोहा लोड कर रवाना किया था, जिससे कम लोहा पाए जाने पर धरसींवा ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विरेन्द्र कुमार साहू 34 वर्ष बीरगांव उरला का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 जेसी 2813 के चालक राजेन्द्र सिंह ने नाकोड़ा इस्पात कंपनी सिलतरा से टीएमटी बार लेकर मस्तुरी झांझरिया निर्माण लिमिटेड पहुंचा था। जहां माल खाली करते समय 7620 मिट्रीक टन लोहा कम पाया गया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26